जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

R.N.I. No. 64278/96 वर्ष:28 अंक: 345 दिनांक:21-04-2024 रविवार मूल्य : 1 रूपया 50 पैसा पृष्ठ:4 वडोदरा M

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी पर भ्रष्टाचार की पाठशाला चलाने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन गई है, सत्तारूढ़ पार्टी ने अपने नेताओं के लिए यह क्रैश कोर्स अनिवार्य कर दिया है, जिसकी कीमत देश चुका रहा है।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के खिलाफ यहां एक आवासीय सोसाइटी के निवासियों को 'वोट के बदले जल आपूर्ति' का कथित वादा करने के लिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित एक प्राथमिकी दर्ज की गई है

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ को लेकर आम आदमी पार्टी ने लगाए गंभीर आरोप

-तिहाड़ प्रशासन ने एलजी को सौंपी सीएम केजरीवाल की डाइट संबंधित रिपोर्ट

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केस्वास्थ को लेकर आम आदमी पार्टी ने गंभीर चिंता जाहिर की है। सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को दावा किया कि केजरीवाल को स्लो पॉइजन दिया जा रहा है और उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है। वहीं मंत्री आतिशी ने कहा कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो सीएम को मल्टी ऑर्गन फेल्यर हो सकता है। उधर, तिहाड़ जेल प्रशासन ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की डाइट से संबंधित रिपोर्ट सौंप दी है। दो दिन पहले ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने डीजी से 24 घंटे के अंदर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तेलंगाना के निजी क्लीनिक से अपना इलाज करवा रहे थे। मांगने पर उन्होंने अपनी मेडिकल रिपोर्ट नहीं दिखाई। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में एग्जाम के दौरान लोक दवा खाने की सलाह दी गई थी। इसमें इंसुलिन की कोई बात ही नहीं कही गई। ऐसे में इंसुलिन न देने की बात ही नहीं आती।

मंत्री आतिशी ने सीएम अरविंद केजरीवाल की डायबिटीज और शुगर लेवल रिपोर्ट शेयर कर बड़ा दावा किया है। उन्होंने तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की 12 से 17 अप्रैल तक की शुगर लेवल रीडिंग शेयर की। आतिशी ने कहा है कि सीएम केजरीवाल का शुगर लेवल हाई होने के बावजूद उन्हें इंसुलिन नहीं दिया जा रहा। अगर समय से इंसुलिन नहीं मिलता है तो व्यक्ति के अंग धीरे-धीरे काम करना बंद करने लगते हैं। उधर, प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि जेल प्रशासन उनकी अपील नहीं मान रहा है। कुल मिलाकर, यह केजरीवाल को खत्म करने की साजिश है।

केजरीवाल का इंसुलिन लेवल लगातार बढ़ रहा

आम आदमी पार्टी के नेता और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में स्लो पॉइजन दिया जा रहा है। उन्होंने एक प्रेस कॉफ्रेंस में कहा कि केजरीवाल का इंसुलिन लेवल लगातार बढ़ रहा है लेकिन उन्हें इंसुलिन की डोज नहीं दी जा रही है। आप नेता ने दावा किया कि ऐसी साजिशें चल रही है कि अरविंद केजरीवाल की हत्या की जाए। सौरभ भारद्वाज ने कहा, अरविंद केजरीवाल बार-बार (जेल के) डॉक्टर को बता रहे हैं कि उनका शुगर लेवल बढ़ रहा है। आप (जेल प्रशासन) मुझे इंसुलिन दीजिए लेकिन (जेल के) डॉक्टर कह रहे हैं कि केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं। डीजी और डीआईजी से भी इंसुलिन मांगा लेकिन उन्होंने भी इंसुलिन देने से इनकार कर दिया।

हो सकता है मल्टीऑर्गन फेल्यर!

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने एक एक्स पोस्ट में सीएम केजरीवाल के शुगर लेवल की रीडिंग शेयर की है। उन्होंने कहा कि यह 12 अप्रैल से 17 अप्रैल तक, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शुगर लेवल की रीडिंग है। अगर इतने हाई शुगर लेवल पर इंसुलिन नहीं दी जाएगी, तो व्यक्ति को धीरे धीरे मल्टीऑर्गन फेल्यर हो सकता है। यह कैसी क्रूर सरकार है जो डायबिटीज के मरीज़ को इंसुलिन देने से मना कर रही है?

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अब इंसुलिन के लिए भी केजरीवाल को जेल में अर्जी लगानी पड़ रही है।

ममता बनर्जी का चुनाव आयोग पर भाजपा की मदद करने का लगाया आरोप

कोलकाता: लोकसभा चुनाव के रण में सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के नेता एक दूसरे पर निशाना साधने से नहीं चूक रहे। इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारत के चुनाव आयोग पर कटाक्ष किया है। उनका कहना है चुनाव आयोग ने पीएम मोदी और उनके सहयोगियों को प्रचार में मदद करने के लिए सात चरण के चुनावों की योजना बनाई है।

ममता बनर्जी ने कहा कि 19 अप्रैल से एक जून तक मदान के दिन निर्धारित किए गए हैं ताकि मोदी और उनके सहयोगी हर चरण से पहले देश भर में विशेष विमानों से यात्रा कर सकें। पश्चिम बंगाल की सीएम ने आगे कहा कि इससे पहले चुनाव मई तक समाप्त हो जाते थे, लेकिन इस साल इसे एक जून तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि पीएम मोदी सैन्य विमानों पर अलग-अलग जगहों का दौरा कर सकें, जबकि हमें अपने हेलीकॉप्टर और परिवहन की व्यवस्था खुद ही करने के लिए कहा गया है। ममता बनर्जी ने आगे कहा कि लोगों को चिलचिलाती धूप में परेशानी हो रही है लेकिन प्रधानमंत्री को इसकी कोई फिक्र नहीं है क्योंकि वह वीवीआईपी सुविधाओं के साथ आराम से चुनाव प्रचार में लगे हैं। सीएम बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग पीएम मोदी और उनकी पार्टी के नेताओं द्वारा तय की गई लाइन पर चल रहा है।

इस दौरान उन्होंने राज्य के मौजूदा कांग्रेस सांसदों पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद किसी भी सांसद ने केंद्र द्वारा मनरेगा फंड जारी करने या पीएम आवास योजना के तहत गरीबों के लिए घर बनाने के संबंध में राज्य का मुद्दा नहीं उठाया। टीएमसी सांसदों ने जब इसका विरोध किया तो उन्हें गिरफ्तार किया गय। बनर्जी ने सीपीआई(एम) और कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल में भाजपा को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि किसी भी गैर टीएमसी उम्मीदवार को वोट ना दें। ममता बनर्जी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि मैंने ही इंडी गठबंधन का नाम गढ़ा था लेकिन यह गठबंधन पश्चिम बंगाल में मौजूद नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे लिए, यह गठबंधन राज्य के बाहर मौजूद है।

कर्नाटक में वोट के बदले जल मामले में डिप्टी CM डीके शिवकुमार के खिलाफ दर्ज हुई FIR

बेंगलुरु (ईएमएस)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के खिलाफ यहां एक आवासीय सोसाइटी के निवासियों को 'वोट के बदले जल आपूर्ति' का कथित वादा करने के लिए आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन से संबंधित एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। चुनाव आयोग ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह मामला उस वक्त सामने आया जब बेंगलुरु ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र की एक आवासीय सोसाइटी के निवासियों से वोट मांगने का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से साझा किए जाने के बाद भाजपा ने शिवकुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए चुनाव आयोग से संपर्क किया।

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि आरआर नागरा में अपार्टमेंट मालिकों को संबोधित करते हुए एमसीसी के उल्लंघन के लिए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ बेंगलुरु की एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वाड टीम) द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें कहा गया है कि चुनाव में रिश्वतखोरी और अनुचित प्रभाव के लिए भारतीय दंड संहिता की उचित धाराओं के तहत आरएमसी यार्ड पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

वीडियो क्लिप में शिवकुमार को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना गया था कि वह एक ठव्यावसायिक सौदेठ के लिए आए हैं और यदि आवासीय सोसाइटी के 2,510 घर के करीब 6,424 वोट उनके उम्मीदवार के पक्ष में गए, तो वह आश्वस्त करते हैं कि कावेरी नदी से जल आपूर्ति और नागरिक सुविधा स्थल की समस्या का समाधान तीन महीने के भीतर कर दिया जाएगा। शिवकुमार के भाई डी के सुरेश लोकसभा चुनाव में बेंगलुरु ग्रामीण से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के खिलाफ यहां एक आवासीय सोसाइटी के निवासियों को 'वोट के बदले जल आपूर्ति' का कथित वादा करने के लिए आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन से संबंधित एक प्राथमिकी दर्ज की गई ह

इलेक्टोरल बांड पर शाह की राहुल को दो टूक बोले- पहले जबरन वसूली का मतलब तो समझ लें

नई दिल्ली(ईएमएस)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में इलेक्टोरल बांड को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को घेरने की कोशिश की थी। राहुल का आरोप था कि इलेक्टोरल बांड को 'दुनिया की सबसे बड़ी जबरन वसूली योजना' के तौर पर देखा जाना चाहिए। इस मामले में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा है। शाह ने विपक्ष से सवाल किया कि क्या विपक्षी दल भी इलेक्टोरल बांड के माध्यम से प्राप्त चंदे को 'जबरन वसूली' कहेंगे। जबरन वसूली क्या होती इसको पहले समझना चाहिए।

लोकसभा चुनाव के बीच इस मुद्दे पर विपक्षी दलों के आरोप का जवाब देते हुए अमित शाह ने कहा 'उनकी पार्टियों को इलेक्टोरल बांड के माध्यम से भी चंदा मिला है। क्या वह भी जबरन वसूली है? राहुल गांधी को लोगों को बताना चाहिए। और सांसदों की संख्या के अनुपात में उन्हें जो चंदा मिला है, वह हमें मिलने वाले चंदे से भी ज्यादा है। उनके पास कोई मुद्दा नहीं है, हमारे ऊपर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है। इसलिए वे भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। वे सफल नहीं होंगे।'मालूम हो कि 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बांड योजना को इस आधार पर रद्द कर दिया कि यह नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करता है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि यह योजना असंवैधानिक और मनमानी है और इससे राजनीतिक दलों और दानदाताओं के बीच बदले की व्यवस्था हो सकती है।इसके अलावा अमित शाह ने अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर जम्मू-कश्मीर में उथल-पुथल की भविष्यवाणी करने के लिए पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर शुक्रवार शाम को निशाना साधते हुए कहा कि अब किसी के पास केंद्र शासित प्रदेश में पत्थर फेंकने की हिम्मत नहीं है। अमित शाह ने कहा कि मुफ्ती और 'राहुल बाबा' जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा हटाए जाने पर खून-खराबे की भविष्यवाणी करते थे।

इतने ज्यादा पैदा करना चाहिए किसी को, बाल-बच्चा? - नीतीश ने पूछा लालू से

पूर्णिया (ईएमएस)। बिहार के कटिहार और पूर्णिया में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित जनसभाओं में जनता दल यूनाईटेड के नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव के परिवार पर जमकर हमला किया। उन्होंने आरजेडी नेता पर राजनीति में परिवारवाद चलाने का आरोप लगाया।

पूर्णिया में शनिवार को चुनावी सभा में नीतीश कुमार लालू यादव, राबड़ी देवी सहित आरजेडी की प्रत्याशी बीमा भारती पर खूब बरसे। उन्होंने एनडीए के प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के लिए लोगों से वोट मांगे। पूर्णिया के सुमरित हाई स्कूल के खेल मैदान में हुई चुनावी सभा को संबोधित किया।

पूर्णिया संसदीय सीट के लिए यह मुख्यमंत्री का पहला चुनावी कार्यक्रम था। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने लालू यादव और राबड़ी देवी को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि, पति-पत्नी ने मिलकर बिहार पर सालों तक शासन किया। पहले पति सीएम बने और जब वे हट गए तो पत्नी को बना दिया। नीतीश ने कहा कि, हट गए तो बीबी को बना दिया।।। अब आजकल बाल-बच्चा को।। पैदा तो बहुत कर दिए।।। इतने ज्यादा पैदा करना चाहिए किसी को, बाल-बच्चा? बेटी को, बेटा को सबको लगा दिया।।

नीतीश कुमार ने जेडीयू छोड़कर आरजेडी में शामिल हुईं बीमा भारती पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, हमने उनको विधायक बनाया और कैबिनेट में भी लाए। लेकिन वे मंत्री बनने पर अड़ी रहीं। हमने मना किया तो वह सब कुछ भूलकर उधर चली गईं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, हम जब 2005 में मुख्यमंत्री बने तो बिहार में कुछ नहीं था। लोग घर से बाहर निकलने में भी डरते थे। मेरे मुख्यमंत्री बनने के बाद कई काम हुए। उन्होंने लोगों से कहा कि अपने बच्चों को बताईएगा कि पहले क्या हाल था और अब क्या हाल है। पहले दंगे और झगड़े होते थे, लेकिन अब सब बंद हो गए।

मोदी सरकार के तीन नए कानून से गदगद हुए सीजेआई, कहा लग रहा हैं भारत बदल रहा

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने देश में तीन नए आपराधिक कानून बनने की सराहना कर कहा कि यह भारत के बदलने का स्पष्ट संकेत देता है। सीजेआई के अनुसार, नए कानूनों ने आपराधिक न्याय पर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। मुझे लगता है कि संसद द्वारा तीन नए आपराधिक कानूनों का अधिनियमन एक स्पष्ट संकेतक है कि भारत बदल रहा है। भारत आगे बढ़ रहा है और हमें अपने समाज के भविष्य के लिए वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए नए कानूनी उपकरणों की आवश्यकता है।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने दिल्ली में आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ विषय पर सम्मेलन को संबोधित कर कहा कि ये कानून हमारे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण का संकेत देते हैं, क्योंकि कोई भी कानून हमारे दैनिक आचरण को प्रभावित नहीं करता है। हमारा समाज आपराधिक कानून को पसंद करता है। उन्होंने कहा कि भारत तीन नए आपराधिक कानूनों के आगामी कार्यान्वयन के साथ अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में एक महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच और अभियोजन को कुशलतापूर्वक चलाने के लिए बहुत जरूरी सुधार पेश किए गए हैं।

रांची में आज जुटेंगे 'इंडिया' गठबंधन के दिग्गज नेता ,उलगुलान न्याय महारैली में दिखाएंगे एकता का दम

नई दिल्ली (ईएमएस)। इंडिया गठबंधन के टॉप लीडर्स रविवार को रांची में एक मंच पर इक्टठा होंगे। यहां धुर्वा इलाके के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन किया गया है। बताया गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप के सांसद संजय सिंह, नेशनल कांफ्रेंस के फारुख अब्दुल्ला, सीपीआई एमएल के दीपांकर भट्टाचार्य, झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन सहित 12 टॉप लीडर्स रैली को संबोधित करेंगे।

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन कि घोषित-अघोषित तौर पर इस रैली की मुख्य मेजबान हैं। झारखंड के कई शहरों में लगाई गई होर्डिंग्स में उनकी तस्वीरें छाई हुई हैं। ऐसे में इस रैली को हेमंत सोरेन की गैरमौजूदगी में कल्पना सोरेन को झारखंड में गठबंधन के मुख्य चेहरे के तौर पर स्थापित-प्रचारित करने के जलसे के तौर पर भी देखा जा रहा है। गठबंधन की पार्टियों का दावा है कि रैली में पांच लाख से ज्यादा लोग जुटेंगे। उलगुलान का आदिवासी भाषाओं में अर्थ क्रांति होता है झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि इस रैली में जुटने वाले लोग दही-चूड़ा खाएंगे और भाजपा को भगाएंगे का संदेश लेकर पूरे राज्य में जाएंगे। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने इसे परिवारवादी और भ्रष्टाचार के आरोपी को महिमामंडित करने वाली रैली करार दिया है।

संघ के खिलाफ बयान देकर फंसे संजय सिंह, चुनाव आयोग से शिकायत

नई दिल्ली,(ईएमएस)। आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाल ही में जमानत पर बाहर आए आम आदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि संघ के पूर्व सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य ने आरक्षण को खत्म करने की बात कही है, संघ आरक्षण विरोधी है। संजय सिंह संघ परिवार के निशाने पर आ गए हैं। उनके खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की है।

राज्यसभा सांसद संजय सिंह अपने पक्ष को मजबूत दिखाने के लिए संघ के पूर्व सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य का एक पुराना वीडियो भी चलाया। जिस पर विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि आप नेता संजय सिंह बयानों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं और देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। इस मामले में बंसल ने चुनाव आयोग से संजय सिंह की शिकायत भी की है।

विनोद बंसल ने ट्वीट कर कहा कि लगता है बेल पर छूटे झूठे नेता संजय सिंह फिर जेल जाने की जल्दी में हैं! इस बार उन्होंने अपनी गंदी जुबान से जिस पर कीचड़ उछला है वह विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। संजय सिंह और आम आदमी पार्टी ने माफी नहीं मांगी तो दिल्ली की जनता भी उन्हें नहीं छोड़ेगी। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2 अप्रैल को ईडी द्वारा रियायत दिए जाने के बाद दिल्ली शराब नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह को जमानत दे दी। हाल ही में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को भी ईडी ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इस मामले में मनीष सिसोदिया भी न्यायिक हिरासत में हैं।

सलमान खान ने दुबई से वीडियो शेयर किया, बोले- फायरिंग पर कुछ नहीं बोलूंगा

मुंबई(ईएमएस)। मशहूर फिल्म अभिनेता सलमान की सुरक्षा को लेकर उनके फैंस काफी चिंतित है। बीते रोज बुलट प्रूफ गाड़ी से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे खान दुबई के लिए रवाना हो गए हैं। बॉलीवुड के 'दबंग खान' ने अपना वीडियो दुबई से शेयर किया है। हाल ही में टाइट सिक्योरिटी के बीच अपनी बुलेट प्रूफ गाड़ी से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे थे, जहां से दुबई के लिए रवाना हुए। हर कोई ये जानने के बेकरार था कि आखिर भाईजान दुबई क्यों जा रहे हैं? अब उन्होंने इस वीडियो से साफ किया है कि आखिर क्यों वह दुबई पहुंचे हैं। सलमान खान एक बड़े इवेंट में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचे हुए हैं। इस इवेंट का नाम कराटे कॉम्बैट है। इस इवेंट ने शामिल होने के लिए जिस शख्स ने उन्हें बुलाया था, उससे एक्टर का सालों पुराना कनेक्शन निकला, जिससे खुद दबंग खान हैरान थे। ये इवेंट आज होने वाला है। सोशल मीडिया पर उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसको शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है- 'उम्मीद है कल आपसे मुलाकात फ्र*ह्रष्ठ' वीडियो में सलमान कहते हैं, 'तो मैं अभी दुबई में हूं और मैं कराटे कॉम्बैट नाम के इस इवेंट में शामिल होने जा रहा हूं। मैं उस घटना के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा जो आपने स्वयं देखी है, लेकिन मैं आपके साथ एक कहानी साझा करना चाहता हूं। मैं इस बच्चे को जानता हूं, जब वो 2 साल का था और इसी उम्र से ताइक्वांडो, जुजित्सु कर रहा था और फिर एक दिन हमारा संपर्क टूट गया।उन्होंने आगे कहा- 'आज ही मुझे पता चला कि कराटे कॉम्बैट का अध्यक्ष वही लड़का है और उसका नाम आसिम है'।

ओडिशा में नाव पलटने से सात लोगों की मौत, सीएम ने की सहायता की घोषणा

झारसुगुड़ा,(ईएमएस) । ओडिशा के झारसुगुड़ा में एक नदी में नाव पलटने से उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई। नाव में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 50 लोग सवार थे। कई लोग लापता भी हो गए थे। घटना पर राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दुख जताया है और दुर्घटना में मृतक के परिवार को 4 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

सूत्रों के अनुसार घटना झारसुगुड़ा के लखनपुर ब्लॉक के सारदा के पास महानदी नदी में घटित हुई। बताया जा रहा है कि एक नाव बच्चों और महिलाओं को लेकर जा रही थी, जो अचानक पलट गई। इस घटना में सात लोगों की मौत हो गई है। नाव जैसे ही पलटी, चीख-पुकार मच गई। रोने-चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं स्थानीय मछुआरों ने तुरंत लोगों को बचाने में जुट गए ।

डीजी ने बताया कि सूचना के बाद रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा गया था। रेस्क्यू अभियान गोताखोरों की मदद से चलाया गया। दो स्पेशलिस्ट स्कूबा गोताखोरों को पानी के नीचे कैमरों के साथ उतारा गया। रेस्क्यू के लिए झारसुगुड़ा के लिए भुवनेश्वर से टीम भेजी गई। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बरगढ़ जिले के बांधीपाली क्षेत्र से एक नाव यात्रियों को लेकर जा रही थी। जब नाव पलटी, उस समय कुछ स्थानीय मछुआरे मौजूद थे, जिन्होंने नदी मे डूब रहे 40 से अधिक लोगों को बचाया। वहीं जो लोग लापता हो गए थे, रेस्क्यू टीम को उनके शव मिले हैं।

पाकिस्तान में बारिश का कहर से 87 लोगों की मौत, 80 घायल

इस्लामाबाद (ईएमएस)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बताया कि पिछले सप्ताह पाकिस्तान में बारिश के कारण हुई अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 87 लोग मारे गए और 82 अन्य घायल हुए हैं। जबकि देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का कहर जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एनडीएमए ने बताया कि बारिश ने देश भर में 2,715 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। ज्यादातर लोगों की मौत इमारत या घरों के ढांचे ढहने, बिजली गिरने और बाढ़ से संबंधित घटनाओं में हुई है। एनडीएमए के अनुसार देश के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे अधिक नुकसान और हताहत हुए हैं। यहां मूसलाधार बारिश के कारण 36 लोगों की जान चली गई और 53 अन्य घायल हो गए। इसके बाद पूर्वी पंजाब प्रांत में 25 लोगों की मौत और आठ लोगों के घायल होने की सूचना है। एनडीएमए ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में कुल 15 लोगों की मौत हुई है और 10 अन्य घायल हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारी बारिश के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल की भारी बारिश के कारण कीमती जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने संबंधित विभागों को प्रभावित क्षेत्रों में राहत गतिविधियों में तेजी लाने और बारिश तथा भूस्खलन के कारण बंद हुई सड़कों को खोलने के काम में तेजी लाने को कहा।

22 लोगों के पास देश के 70 करोड जनता के बराबर पैसा-राहुल गांधी

अमरोहा (ईएमएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को अमरोहा में संयुक्त जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान दोनों ही नेताओं केन्द्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। अपने सम्बोधन में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने जितना पैसा अमीरों को दिया हम गरीबों को देंगे। उन्होंने कहा कि उद्योपतियों के साथ किसानों का भी कर्जा माफ होगा। उन्होंने कहा कि महालक्ष्मी योजना को लागू किया जाएगा। इसके लिए सभी परिवारों की लिस्ट बनेगी। इसके तहत हर गरीब परिवार से एक महिला को चुनेगी। इसके बाद कांग्रेस पार्टी एक लाख साल के उसके खाते में डालेगी। उन्होंने कहा कि देश के 22 लोगों के पास देश के 70 करोड जनता के बराबर पैसा है। कहा कि कांग्रेस ने किसानों का कर्ज माफ किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि नोटबंदी से लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। वहीं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में भाजपा की हवा निकल गई है।

कांग्रेस प्रत्योशी दानिश अली के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने के बाद युवाओं, किसानों और महिलाओं को लाभ होगा। सभी के लिए हमने रोडमैप तैयार किया है। इसलिए बीजेपी जातिगणना करवाने से डरती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं समेत अन्य मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना मतलब हिदुस्तान का एक्सरे। गठबंधन की सरकार आने के बाद जाति जनगणना करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग इसे नकारते हैं। देश की जनता को पता होना चाहिए की 90 प्रतिशत लोगों की कितनी भागीदारी है। उन्होंने कहाकि मनरेगा की मजदूरी बढ़कर 400 रुपये हो जाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दोगुनी मानदेय मिलेगा। उन्होंने फिर कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार उद्योगपतियों को दिया गया पैसा किसानों और गरीबों को दिया जाएगा।

राहुल गांधी ने कहा कि युवाओं के लिए पहली नौकरी पक्की नाम से योजना लागू होगी।

नए क्रिमिनल लॉ तभी सफल होंगे, जब लागू करने वाले इन्हें अपनाएंगे -चीफ जस्टिस चंद्रचूड़

नई दिल्ली (ईएमएस)। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने तीन नए आपराधिक कानूनों को ऐतिहासिक बताया। सीजेआई ने ये भी कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में अहम बदलाव के लिए तैयार है। ये बदलाव तभी सफल होंगे, जिन पर इन्हें लागू करने का जिम्मा है, वे इन्हें अपनाएंगे। सीजेआई के मुताबिक, इन नए कानूनों ने आपराधिक न्याय के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। ये ऐतिहासिक इसलिए हैं, क्योंकि कोई भी कानून क्रिमिनल लॉ जैसा रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित नहीं करता।

सीजेआई ने दिल्ली में एक कॉन्फ्रेंस इंडियाज प्रोग्रेसिव पाथ इन द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में ये बातें कहीं। कार्यक्रम में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मेहता मौजूद थे। तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता इस साल एक जुलाई से लागू हो जाएंगे। इन कानूनों के बिल को संसद ने 21 दिसंबर 2023 को पास कर दिया था। 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साइन करने के बाद ये तीनों बिल कानून बन गए थे।

उन्होंने यह भी कहा कि पीडितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच के लिए यह बदलाव करना बहुत जरूरी था। सीजेआई ने आगे कहा कि संसद द्वारा नए कानूनों पर मुहर लगाना इस बात का संकेत है कि देश बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है तथा मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए उसे नए कानूनी उपायों की आवश्यकता है।

मप्र-छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में हीटवेव

-अगले 3-4 दिन ऐसे ही रहेंगे हालात; 17 राज्यों में बारिश का अनुमान

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश के कुछ राज्यों में तेज गर्मी का असर पडऩे लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को 12 राज्यों में हीटवेव (लू) चली। इनमें बिहार, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड, गुजरात और तमिलनाडु शामिल हैं। इन 12 राज्यों के 17 शहरों में दिन का तापमान 43 डिग्री के करीब दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने कहा कि यहां हीटवेव की स्थिति अगले 3 से 4 दिनों तक जारी रहेगी। इसके अलावा महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड, तमिलनाडु, पुडुचेरी और बिहार के कुछ इलाकों में 42 से 44 डिग्री के बीच तापमान दर्ज हुआ।

यहां बारिश का अनुमान

मौसम विभाग ने कहा कि देश के कुछ राज्यों में जहां तेज गर्मी का अनुमान है, वहीं, 17 राज्य ऐसे भी है, जहां आज बारिश हो सकती है। इनमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक शामिल है।

भाषणों से लगता है कि मोदी देश के नहीं भाजपा के पीएम - शरद पवार

मुंबई (ईएमएस)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों से लगता है कि वह ''भाजपा के प्रधानमंत्री'' हैं, भारत के नहीं। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक प्रचार रैली में राकांपा संस्थापक ने कहा कि मोदी को विपक्ष पर हमला करने के बजाय लोगों को बताना चाहिए कि वह और उनकी पार्टी देश के लिए क्या करेगी।

शरद पवार विपक्ष

जन हितैषी

इंदिरा इज इंडिया की तरह, मोदी इज इंडिया, मोदी के बाद कौन?

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जनसंघ से लेकर भाजपा तक का संगठन, हमेशा व्यतिवाद से दूर रहा है। 1999 में जब अटल बिहारी वाजपेई के कटाउट चुनाव प्रचार के दौरान लगाए गए थे, उस समय संघ ने नाराजगी व्यक्त की थी। संघ परिवार ने कभी भी व्यक्ति को महत्व नहीं दिया। जनसंघ और भाजपा में भी कभी किसी व्यक्ति को महत्व नहीं मिला। 2014 के बाद से स्थिति बड़ी तेजी के साथ बदल गई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम वोट मांगे गए। प्रचार अभियान में केवल प्रधानमंत्री मोदी ही रहते हैं। उनके साथ भाजपा का कोई नेता भी नहीं रहता है। 2024 का लोकसभा चुनाव अब मोदी की गारंटी पर लड़ा जा रहा है। चुनाव प्रचार अभियान में केवल और केवल मोदी हैं। अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह एवं वरिष्ठ भाजपा नेता इस चुनाव प्रचार अभियान से गायब हैं। भारत के सभी 543 लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और उनकी गारंटी पर जनता से वोट मांगे जा रहे हैं। भाजपा का घोषणा पत्र, भाजपा और संघ की विचारधारा को नेपथ्य में डाल दिया गया है। इस कारण भारतीय जनता पार्टी और संघ के नेताओं में यह बात उभर कर सामने आ रही है कि संघ और भाजपा ने क्या अपनी नीतियां बदल दी हैं? भाजपा के लोग ही अब कहने लगे हैं, कि 1970 के दशक में जो स्थिति कांग्रेस पार्टी की बनी थी, वही स्थिति अब भाजपा की बन गई है। तत्कालीन कांग्रेस के अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने इंडिया इज इंदिरा और इंदिरा इज इंडिया के नारे को बुलंद किया था। ठीक वही स्थिति अब भारतीय जनता पार्टी की 2019 के बाद से बन गई है।

2014 का चुनाव भारतीय जनता पार्टी ने अच्छे दिन के नाम पर लड़ा था। उस समय सामूहिक नेतृत्व के अंतर्गत सभी भाजपा नेताओं के फोटो चुनाव प्रचार में लगाए गए थे। 2019 का लोकसभा चुनाव पुलवामा, बालाकोट और राष्ट्रवाद की अपील पर लड़ा गया था। उस समय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार का मुख्य हिस्सा बन गए थे। 2024 का लोकसभा चुनाव अब यह मोदी की गारंटी के नाम पर लड़ा जा रहा है। सभी 543 लोकसभा की सीट का चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर लड़ा जा रहा है। पार्टी के प्रत्याशी और प्रादेशिक नेताओं का भी कोई महत्व नहीं रहा। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार में इस बार नौकरी, महंगाई, आर्थिक विषमता, हिंदुत्व, राष्ट्रवाद इत्यादि का मुद्दा गोंड़ हो गया है। पूरी पार्टी एक ही व्यक्ति पर केंद्रित हो गई है। भारतीय जनता पार्टी एक व्यक्ति के नाम से चलेगी, इसे कभी सोचा भी नहीं गया था। भाजपा के कोर वोटर इससे हैरान और परेशान हैं। भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तय किए हैं। इसमें संघ और संगठन की भूमिका नग्नय रही है। अन्य दलों से आए हुए नेताओं को भाजपा का उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा और संघ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएसपी है। चुनाव प्रचार अभियान में मोदी गारंटी के नाम पर प्रचार किया जा रहा है। भाजपा ने साम-दाम-दंड-भेद, पार्टी की जीत के लिए, विचारधारा को आले में रखकर भूल गए हैं। भाजपा में अब मोदी आधारित राजनीति की जा रही है। जिसके कारण भाजपा के अंदर ही अंदर निष्ठावान कार्यकर्ता, पार्टी के बदलते हुए स्वरूप को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। इसका असर प्रथम चरण के चुनाव में दिखा है।

कर्नाटक में मोदी के नाम पर चुनाव लड़ा गया था। जहां भाजपा की करारी पराजय हुई। हिमाचल प्रदेश में भी पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा। जब पार्टी चुनाव हारती है, तो ठीकरा संगठन के ऊपर फोड़ा जाता है। पार्टी यदि चुनाव जीत जाती है, तो उसका श्रेय नरेंद्र मोदी को दे दिया जाता है। लोकसभा के चुनाव मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर जनादेश मांगा जा रहा है। चुनाव प्रचार के इस अभियान में पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता गायब हैं। कल जब मोदी के विकल्प की जरूरत पार्टी को होगी, तो पार्टी के अंदर कौन है, जिसके नाम पर या जिसको आगे करके भाजपा संगठन चुनाव लड़ सके। पार्टी के अंदर खाने में इसकी चर्चा होने लगी है। व्यक्ति केंद्रित राजनीति के नए दौर से भाजपा गुजर रही है। हमेशा से भाजपा और संघ इसका विरोध करता रहा है। भविष्य की आशंकाओं को लेकर भाजपा संगठन और संघ में तीव्र अंतर विरोध देखने को मिल रहा है। इसकी परणति किस रूप में होगी, अभी कहना मुश्किल है। संघ और संगठन में जिस तरह से व्यक्तिवाद हावी हो गया है, उसके कारण संघ परिवार की चिंता भी बढ़ गई है। जो गलती कांग्रेस ने कई दशकों के बाद की थी। जिसके कारण 1990 के बाद से कांग्रेस का संगठन ही छिन्न-भिन्न हो गया। उसी रास्ते पर अब भारतीय जनता पार्टी भी चल पड़ी है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का नियंत्रण भी भाजपा संगठन में वैसा नहीं रहा, जो 2014 के पहले हुआ करता था।

सियासत के किले हैं,तो वे ढहेंगे भी...

देश -दुनिया में दुर्ग यानि किले सत्ताधीशों के ही बनते आये है। लेकिन ये दुर्ग जब लोकतंत्र में सियासी दल भी बनाते हैं तो उन्हें ढहाने का उपक्रम भी लगातार चलता रहता है। सियासत के दुर्ग या तो राजनीतिक दल की विचारधारा के आधार पर बनाये जाते हैं या फिर व्यक्तित्व के आधार पर। आजादी के बाद यदि किसी राजनीतिक दल का सबसे मजबूत किला था तो वो था कांग्रेस का । लेकिन बाद में अधिकांश राजनीतिक दलों ने अपने-आपने इलाकों में किलों के बजाय छोटी-छोटी गढ़ियाँ बनाना शुरू कर दीं। आजकल देश में कहते हैं कि सबसे ज्यादा मजबूत किला भाजपा का है और उसे ढहाने में कांग्रेस समेत देश के तमाम छोटे-बड़े राजनीतिक दल लगे हुए हैं।

अतीत में झांके तो पाएंगे कि पहले सियासी किले अभेद्य हुआ करते थे। उनके ऊपर किसी भी तरह के हमलों का असर नहीं होता था ,क्योंकि ये किले विचारधारा की नींव पर खड़े किये गए थे। कांग्रेस, भाकपा, समाज वादी और दक्षिण पंथियों ने समय-समय पर अपने किले बनाये। इन किलों के जरिये देश में आरसे तक राजनीति भी खूब फली-फूली ,लेकिन जब किलों के ढहने का सिलसिला शुरू हुआ तो फिर रुका नहीं। एक जमाने में जहाँ-जहँ कांग्रेस के किले थे वहां-वहां क्षेत्रीय दलों ने उनके ऊपर कब्जा कर लिया। ये क्षेत्रीय किले कहीं-कहीं कांग्रेस के साथ भी खड़े हुए और कहीं एकदम अकेले।

पश्चिम बंगाल में वामपंथ का किला 25 साल तक अभेद्य रहा। उसे कांग्रेस से अलग हुई तृणमूल कांग्रेस की संस्थापिका सुश्री ममता बनर्जी ने तोड़ा। दक्षिण के क्षेत्रीय किले तोड़ने के लिए कांग्रेस और भाजपा लगातार कोशिश करती रही ,लेकिन उन्हें ध्वस्त नहीं कर पायी। कर्नाटक में किले ढहाने और उन पर कब्जे करने का सनातन खेल जारी है। भाजपा ने 2014 में कांग्रेस के किले को ही नहीं ढहाए बल्कि कांग्रेस की गढ़ियाँ भी ध्वस्त कर दीं। लेकिन अनेक राज्यों में क्षेत्रीय दलों के किले आज भी सुरक्षित हैं। मिसाल के तौर पर ओडिशा में बीजू जनता दल का किला। इन दिनों भाजपा का किला ढहाने के लिए कसबल लगाया जा रहा है। 2024 में भाजपा का किला ध्वस्त करने के लिए जगह-जगह सेंधमारी की जा रही है। कहीं कामयाबी मिल रही है और कहीं नहीं भी। दिल्ली और झारखण्ड कि किलेदारों को जेल की हवा भी खिला दी गयी है किन्तु ये किले यानि गढ़ियाँ जीती नहीं जा सकीं।

भाजपा का किला राम नाम की ईंटों से बनाया गया है अभी ये किला 44 साल पुराना ही है। इस किले को बनाने में राम जी बार-बार काम आये लेकिन इस बार भाजपा के किले की अनेक बुर्जों पर विरोधियों ने जमकर सेंधमारी की है। लोकतंत्र में सियासी किले ढहाने के लिए मतदान सबसे बड़ा जरिया है । वोट के बम किले की किसी भी बुर्ज को ध्वस्त कर सकते हैं और इन्हीं क्षतिग्रस्त बुर्जों से किले के भीतर जाने के रस्ते बनाये जानते हैं। सियासी किलों की मरम्मत और हमलों का काम हर पांच साल में होता है। इस साल भी किले फतह करने, किले कमजोर करने की कवायद चल रही है । पहले हमले में 102 ठिकानों पर जोर -आजमाइश हुई है। अभी इसी तरह के छह हमले और किये जाने है।

सियासी किले बचने के लिए साम-दाम-दंड भेद के साथ गोधन,गजधन ,बाजधन और रतनधन के अलावा इलेक्ट्रोरल बांड से मिले धन का भी इस्तेमाल किया जाता है। बाहुबल अब गौण हो गया है ,हालाँकि बंगाल जैसे राज्यों में अभी भी ये बाहुबल भी प्रचलन में हैं। जिसके पास जितना ज्यादा धन होता है वो उतना ज्यादा ताकतवर माना जाता है। इस समय भाजपा धनबल के मामले में सबसे ज्यादा मजबूत है। उसकी अक्षोहणी सेना में संघ दीक्षित स्वयं सेवकों के साथ अंधभक्तों की तादाद दूर दलों के मुकाबले सबसे ज्यादा है। अंधभक्तों की टुकड़ी सबसे ज्यादा ताकतवर मानी जाती है ,क्योंकि इसे अपने राजा के अलावा कोई दूसरा सूझता ही नहीं।

मैंने अपने जीवन में अनेक मजबूत से मजबूत किले ध्वस्त होते देखे है। मैंने अनेक गढ़ियाँ बनते -बिगड़ते देखीं हैं। आपने भी देखी ही होंगीं लेकिन आपने शायद इनके बारे में ज्यादा गौर नहीं किया। जनता जनार्दन अक्सर इन किलों में या तो कैद रहती है या फिर अपने आपको महफूज महसूस कर इनसे बाहर नहीं निकलती। इन किलों में गरीबी परिवारों को पेट की आग बुझाने के लिउए मुफ्त का राशन और भाषण दोनों मिलता है । मनोरंजन के लिए रामधुन,आत्मशांति के लिए मंदिर की सुविधाएं भी मुहैया कराई जातीं है। कांग्रेस के किलों में मंदिर,मस्जिद,गुरुद्वारा और गिरजाघर सब होते हैं। पहले इन्हीं सुविधाओं की वजह से कांग्रेस के किलों में ज्यादा लोग बसते थे । लेकिन बाद में कांग्रेस के किले में भगदड़ मची । हाल के दिनों में टोकांग्रेस का किला छोड़कर भाजपा के किले में लगे शरणार्थी शिविर में सबसे ज्यादा आमद दर्ज कराई है।

भाजपा की अपनी ताकत से किसी को इंकार नहीं है और होना भी नहीं चाहिये । लेकिन भाजपा इस बार अपना किला बिभीषणों के जरिये बचाये रखना चाहती है। भाजपा ने अपने शरणार्थी शिविरों में आने वाले कांग्रेसियों को सम्मान और सामान दोनों दिए है। उनके तमाम पाप क्षमा कर दिए हैं ,लेकिन बात बनती दिखाई नहीं दे रही। भाजपा को अपना किला महफूज बनाये रखने के लिए कम से कम 400 गढ़ियाँ चाहिए। इन्हें हासिल करने के लिए भाजपा ने हर नाजायज तरीके को जायज मानकर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। भाजपा को अपने दरबार के लिए जो नायब हीरे चाहिए वे जनता को ही चुनकर देना है। लेकिन चुनाव के पहले दौर में लक्षण अच्छे नहीं दिखाई दिए। आगे के छह चरणों में क्या होगा ,ये राम ही जानें ? मै राम की बात इसलिए कर रहा हूँ क्योंकि भारत में एक दशक से सब कुछ राम के नाम पर ही हो रहा है। कभी-कभी भोले बाबा और योगाधीश कृष्ण का भी नाम लिया जाता है ,अभी राम का नाम सबसे ज्यादा चल रहा है। हम तुलसी और कबीर के वंशज महासंग्राम के टीकाकार से ज्यादा कुछ नहीं है। हम ज्यादा से ज्यादा तुमुल ध्वनि कर सकते है। हमारी बिरादरी के कुछ लोग बाकायदा जिरह-बख्तर पहनकर भाजपा के लिए लड़ भी रहे हैं। किन्तु असल लड़ाई जनता लड़ रही ह। यदि कोई किला ढहता है या और मजबूत होता है तो इसका श्रेय किसी की गारंटी को नहीं बल्कि जनता की उदारता को दिया जाना चाहिए। अब देखिये आगे-आगे होता है क्या ?

दुनिया को सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाया महावीर स्वामी ने!

तीर्थंकर महावीर स्वामी अहिंसा के मूर्तिमान प्रतीक थे। उनका जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत था। उन्होंने एक लँगोटी तक का परिग्रह नहीं रखा। हिंसा, पशुबलि, जात-पात का भेद-भाव जिस युग में बढ़ गया, उसी युग में भगवान महावीर का जन्म हुआ। उन्होंने दुनिया को सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाया।उन्होंने दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत बताए, जो हैं- अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय) और ब्रह्मचर्य। सभी जैन मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका को इन पंचशील गुणों का पालन करना अनिवार्य है। महावीर स्वामी ने अपने उपदेशों और प्रवचनों के माध्यम से दुनिया को सही राह दिखाई और मार्गदर्शन किया।भगवान महावीर का जन्म तकरीबन ढाई हजार साल पहले (ईसा से 599 वर्ष पूर्व), वैशाली के गणतंत्र राज्य क्षत्रिय कुण्डलपुर में हुआ था। महावीर को वीर, अतिवीर और सन्मति भी कहा जाता है।

यद्यपि उनकी धर्मयात्राओं का ठीक वर्णन कहीं नहीं मिलता तो भी उपलब्ध वर्णनों से यही विदित होता है कि उनका प्रभाव विशेष रूप से क्षत्रियों और व्यवसायी वर्ग पर पड़ा, जिनमें शूद्र भी बहुत बड़ी संख्या में सम्मिलित थे।समाज मे अहिंसा, सद्भावना, सत्यता और सात्विकता का संदेश देकर समाज को समर्द्ध बनाने वाले महावीर स्वामी ने अपने जीवन में पूरे समाज को हमेशा सन्मार्ग दिखाया है। उन्होंने हमेशा जियो और जीने दो का संदेश दिया। जैन धर्म के लोग ही नही अपितु सर्वसमाज के लोग की जयंती को बहुत धूमधाम और व्यापक स्तर पर मनाते हैं। उन्होंने हर भक्त को अहिंसा, सत्य अचौर्य, बह्मचर्य और अपरिग्रह के पांच व्रतों का पालन करने को कहा है।महावीर स्वामी ने कहा है कि मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म अहिंसा है। अतः हमें हमेशा जियो और जीने दो के संदेश पर कायम रहना चाहिए।महावीर ने हमें स्वयं के दोषों से लड़ने की प्रेरणा दी है। वह कहते हैं- स्वयं से लड़ो, बाहरी दुश्मन से क्या लड़ना? वह जो स्वयं पर विजय प्राप्त कर लेगा उसे आनंद की प्राप्ति होगी।मनुष्य की आत्मा अपने आप में सर्वज्ञ (परिपूर्ण) और आनंदमय है। आनंद को कभी बाहर से प्राप्त नहीं किया जा सकता। आत्मा अकेले आती है और अकेले चली जाती है, न कोई उसका साथ देता है और न ही कोई उसका मित्र बनता है।के हमेशा दुखी होने की वजह खुद की गलतियां ही हैं, जो मनुष्य अपनी गलतियों पर नियंत्रण पा लेता है। वही मनुष्य सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है।जीवित प्राणी के प्रति दयाभाव ही अहिंसा है। घृणा से हम ना केवल अपना विनाश करते हैं बल्कि दूसरों के लिए भी कष्टकारी हो सकता है।

महावीर अहिंसा के दृढ़ उपासक थे, इसलिए किसी भी दिशा में विरोधी को क्षति पहुंचाने की वे कल्पना भी नहीं करते थे। वे किसी के प्रति कठोर वचन भी नहीं बोलते थे और जो उनका विरोध करता, उसको भी नम्रता और मधुरता से ही समझाते थे। इससे परिचय हो जाने के बाद लोग उनकी महत्ता समझ जाते थे और उनके आंतरिक सद्भावना के प्रभाव से उनके भक्त बन जाते थेमहावीर स्वयं क्षत्रिय और राजवंश के थे, इसलिए उनका प्रभाव कितने ही क्षत्रिय नरेशों पर विशेष रूप से पड़ा। जैन ग्रंथों के अनुसार राजगृह का राजा बिंबिसार महावीर का अनुयायी था। वहां पर इसका नाम श्रेणिक बताया गया है और महावीर स्वामी के अधिकांश उपदेश श्रेणिक के प्रश्नों के उत्तर के रूप में ही प्रकट किये गये हैं। आगे चलकर इतिहास प्रसिद्ध महाराज चंद्रगुप्त मौर्य भी जैन धर्म के अनुयायी बन गये थे और उन्होंने दक्षिण भारत में आकर जैन मुनियों का तपस्वी जीवन व्यतीत किया था।

उड़ीसा का राजा खाखेल तथा दक्षिण के कई राजा जैन थे। इसके फलस्वरूप जनता में महावीर स्वामी के सिद्धांतों का अच्छा प्रचार हो गया और उनके द्वारा प्रचारित धर्म कुछ शताब्दियों के लिए भारत का एक प्रमुख धर्म बन गया। आगे चलकर अनेक जैनाचार्यों ने जैन और हिंदू धर्म के समन्वय की भावना को भी बल दिया, जिसके फल से सिद्धांत रूप से अंतर रहने पर भी व्यवहार रूप में इन दोनों धर्मों में बहुत कुछ एकता हो गई और जैन एक संप्रदाय के रूप में ही हिंदुओं में मिल जुल गये।

महावीर स्वामी का सबसे बड़ा सिद्धांत अहिंसा का है, जिनके समस्त दर्शन, चरित्र, आचार-विचार का आधार एक इसी अहिंसा सिद्धांत पर है। वैसे उन्होंने अपने अनुयायी प्रत्येक साधु और गृहस्थ के लिए अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह के पांच व्रतों का पालन करना आवश्यक बताया है, पर इन सबमें अहिंसा की भावना सम्मिलित है। इसलिए जैन विद्वानों का प्रमुख उपदेश यही होता है- अहिंसा ही परम धर्म है। अहिंसा ही परम ब्रह्म है। अहिंसा ही सुख शांति देने वाली है। अहिंसा ही संसार का उद्धार करने वाली है। यही मानव का सच्चा धर्म है। यही मानव का सच्चा कर्म है। अहिंसा जैनाचार का तो प्राण ही है।

जैनियों के आचार-विचार, अहिंसा के विषय में चाहे जैसे रूढिवादी बन गये हों, पर इसमें संदेह नहीं कि महावीर स्वामी ने अपने समय में जिस अहिंसा के सिद्धांत का प्रचार किया, वह निर्बलता और कायरता उत्पन्न करने के बजाय राष्ट्र का निर्माण और संगठन करके उसे सब प्रकार से सशक्त और विकसित बनाने वाली थी। उसका उद्देश्य मनुष्य मात्र के बीच शांति और प्रेम का व्यवहार स्थापित करना था, जिसके बिना समाज कल्याण और प्रगति की कोई आशा नहीं रखी जा सकती। यद्यपि अहिंसा का प्रतिपादन सभी धर्मोपदेशकों ने अपने-अपने ढंग से किया है, पर जिस प्रकार महावीर और बुद्ध ने अहिंसा पर सबसे अधिक बल देकर उसी को अपने धर्म का मूलमंत्र बनाया, ऐसा किसी अन्य धर्म संस्था ने नहीं किया और यही जैन धर्म की विशेषता भी बनी।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक एवं वरिष्ठ पत्रकार है)

ज्यादा तापमान शरीर और स्वास्थ्य दोनों के लिए नुकसानदायक

लंदन (ईएमएस)। क्या आपने कभी सोचा है कि इंसान ज्यादा से ज्यादा कितना तापमान बर्दाश्त कर सकता है। वहीं, शरीर खुद को भीषण गर्मी के खिलाफ ठंडा रखने के लिए क्या करता है? ज्यादातर लोगों ने अनुभव किया होगा कि ज्यादा तापमान हमारे शरीर और स्वास्थ्य दोनों के लिए नुकसानदायक होता है। कुछ लोगों के लिए तो ज्यादा तापमान घातक भी साबित हो जाता है। जो लोग भीषण गर्मी बर्दाश्त नहीं कर पाते, उनकी मौत भी हो जाती है।

हालांकि, ज्यादातर लोगों का शरीर भीषण गर्मी और हाड़कंपाती सर्दी दोनों को झेल जाता है। गर्मियों में देश के कई हिस्सों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस या इससे भी ऊपर निकल जाता है। ऐसे में आपके दिमाग में भी ये सवाल जरूर उठा होगा कि आखिर इतनी गर्मी में इंसान जिंदा कैसे रह पाता है? किस तापमान पर इंसान के लिए संकट की स्थिति पैदा हो सकती है? वैज्ञानिकों का कहना है कि इंसानी शरीर का सामान्य तापमान 98.6 डिग्री फॉरेनहाइट होता है। ये आपके आसपास के वातावरण यानी बाहरी तापमान के 37 डिग्री सेल्सियस के बराबर होता है। विज्ञान के मुताबिक, इंसान ज्यादा से ज्यादा तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस में आसानी से रह लेता है। विज्ञान के मुताबिक, इंसान गर्म रक्त वाला स्तनधारी जीव है। इंसान एक खास तंत्र 'होमियोस्टैसिस' से संरक्षित रहता है। इस प्रक्रिया के जरिये इंसानी दिमाग हाइपोथैलेमस से शरीर के तापमान को जिंदा रहने की सीमा में बनाए रखने के लिए ऑटो-कंट्रोल्ड होता है। एक रिपोर्ट कहती है कि ब्रिटेन में 2050 तक गर्मी से होने वाली मौतों में 257 फीसदी की वृद्धि दर्ज की जाएगी।

दरअसल, विज्ञान कहता है कि इंसानी शरीर 35 से 37 डिग्री तक का तापमान बिना किसी परेशानी के सह लेता है। जब तापमान 40 डिग्री से ज्यादा होने लगता है, तो लोगों को परेशानी होने लगती है। अध्ययनों के मुताबिक, इंसानों के लिए 50 डिग्री का अधिकतम तापमान बर्दाश्त करना मुश्किल होता है। इससे ज्यादा तापमान जिंदगी का जोखिम पैदा कर देता है। मेडिकल जर्नल लैंसेट की रिपोर्ट के मुताबिक, 2000-04 और 2017-21 के बीच 8 साल के दौरान भारत में भीषण गर्मी का प्रकोप रहा। इस दौरान भारत में गर्मी से मौतों में 55 फीसदी बढ़ोतरी हुई थी। हाइपोथैलेमस को इंसानों की रक्त वाहिकाओं में फैलाव, शरीर से पसीना निकलने, मुंह से सांस लेने, ताजी हवा के लिए खुली जगहों पर जाने से ऊर्जा मिलती है। इस ऊर्जा से हाइपो थैलेमस इंसानी शरीर के तापमान को नियंत्रित करता रहता है। इसीलिए इंसान तापमान के ज्यादा होने पर भी उसे बर्दाश्त कर जिंदा रह लेता है। हालांकि, जिन जगहों पर मौसम एक समान नहीं रहता, उन जगहों पर 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा इंसानों के लिए तापमान खतरनाक माना जाता है।

हालांकि, अभी तक इसका कोई ठोस जवाब अब तक नहीं मिला है कि इंसान अधिकतम कितने तापमान में जिंदा रह सकता है? हमारी धरती पर अलग-अलग तरह के वातावरण हैं और अलग-अलग क्षमताओं वाले शरीर भी। फिर भी ज्यादा तापमान में एहतियात बरतना बेहतर रहता है। इंसानी शरीर पर बढ़ते तापमान के असर के बारे में बात करते हुए डॉक्टर और शोधकर्ता अक्सर 'हीट स्ट्रेस' शब्द का इस्तेमाल करते हैं। जब हमारा शरीर बेहद गर्मी में होता है तो वो अपने कोर तापमान को बनाए रखने की कोशिश करता है। वातावरण और शारीरिक स्थितियों पर निर्भर करता है कि शरीर अपने कोर तापमान को बनाए रखने की कोशिश किस हद तक कर पाता है। इसमें हमें थकान महसूस होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अगर पारा 45 डिग्री हो तो बेहोशी, चक्कर या घबराहट जैसी शिकायतों के चलते ब्लड प्रेशर कम होना आम शिकायतें हैं। वहीं, अगर आप 48 से 50 डिग्री या उससे ज्यादा तापमान में बहुत देर रह जाते हैं तो मांसपेशियां पूरी तरह जवाब दे सकती हैं और मौत भी हो सकती है।

क्लिनिकल शोधों के मुताबिक, बाहरी तापमान बढ़ने पर शरीर खास तरीके से प्रतिक्रिया करता है। दरअसल, शरीर का 70 फीसदी से ज्यादा हिस्सा पानी से बना है। दूसरे शब्दों में कहें तो हमारे शरीर में मौजूद पानी बाहर के बढ़ते तापमान में शरीर का कोर तापमान स्थिर बनाए रखने के लिए गर्मी से लड़ता है। इस प्रक्रिया में हमें पसीना आता है। इससे शरीर ठंडज़ रहता है। लेकिन, अगर शरीर ज्यादा देर तक इस प्रक्रिया से गुजरता है तो पानी की कमी होने लगती है। पानी की कमी होने पर किसी को चक्कर आने लगते हैं तो किसी को सिरदर्द होता है। कुछ लोग बेहोश भी हो सकते हैं।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को छू सकता है

वर्ष 1991 में भारत के पास केवल 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार बच गया था जो केवल 15 दिनों के आयात के लिए ही पर्याप्त था। वहीं, आज भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है एवं यह पूरे एक वर्ष भर के आयात के लिए पर्याप्त है। आज भारत विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में चीन, जापान, स्विजरलैंड के बाद विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश बन गया है। कोरोना महामारी के बाद भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से कम हुआ था, परंतु वर्ष 2022 के बाद से यह अब लगातार उतनी ही तेज गति से आगे भी बढ़ रहा है। और, अब तो यह उम्मीद की जा रही है कि आगे आने वाले समय में यह एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को भी पार कर जाएगा। भारत में वित्तीय एवं बैंकिंग क्षेत्र में लागू किए गए सुधार कार्यक्रमों के बाद से पिछले 33 वर्षों में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार बढ़ता रहा है। यह वर्ष 2004 में 14,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था, वर्ष 2014 में 32,200 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं वर्ष 2024 में 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। भारत के पड़ौसी देशों का विदेशी मुद्रा भंडार बहुत कम है, जैसे बंगलादेश के पास 2,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है, नेपाल के पास 1,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर, पाकिस्तान के पास 800 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं श्रीलंका के पास 450 करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है। अतः भारत समय समय पर अपने पड़ौसी देशों (पाकिस्तान को छोड़कर) की इस संदर्भ में लाइन आफ क्रेडिट उपलब्ध कराकर मदद करता रहता है।

हाल ही के समय में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के बढ़ने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल हैं, भारत में लगातार बढ़ता प्रत्यक्ष विदेशी निवेश। केंद्र सरकार द्वारा चालू किए गए आर्थिक सुधार कार्यक्रमों के चलते भारत में अब व्यापार करना बहुत आसान हुआ है अतः विदेशी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित कर रही हैं, जिसके लिए वे भारत में भारी मात्रा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ला रही हैं। दूसरे, भारतीय मूल के नागरिक जो विदेश में जाकर बस गए हैं अथवा वे वहां पर रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से गए हैं, वे इन देशों में अपनी बचत की राशि को भारत भेज रहे हैं। यह राशि पूरे विश्व में किसी भी देश में भेजने वाली राशि में सबसे अधिक है। वर्ष 2023-24 में विदेशों में बसे भारतीय मूल के नागरिकों ने 12,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भारत में भेजी थी।

सबसे अच्छा सखा है ज्ञान

आत्मा ही आनन्द का स्वरूप है। किसी भी सुखद अनुभूति में तुम आंखे मूंद लेते हो। जैसे जब किसी फूल को सूंघते हो, कोई स्वादिष्ट खाना चखते हो या किसी वस्तु को स्पर्श करते हो। दुख का केवल यही अर्थ है कि तुम अपरिवर्तनशील आत्मा पर केन्द्रित होने के बदले विषयवस्तु में फंसे हो, जो परिवर्तनशील है। सभी इन्द्रियां केवल डाइविंग बोर्ड की भांति हैं जो तुम्हें वापस आत्मा तक पहुंचाती हैं। स-खा का अर्थ है वह ही इन्द्रिय है। सखा वह है जो तुम्हारी इन्द्रिय बन गया है, जो तुम्हारी इन्द्रिय ही है। यदि तुम मेरी इन्द्रिय हो, इसका मतलब तुम्हारे द्वारा मुझे ज्ञान मिलता है, तुम मेरी छठी इन्द्रिय हो। जैसे मैं अपने मन पर विश्वास करता हूं, वैसे ही मैं तुम पर विश्वास करता हूं। एक मित्र केवल इन्द्रिय-विषय हो सकता है, परन्तु सखा स्वयं इन्द्रिय बन जाता है।

सखा वह साथ है जो सुख और दुःख, दोनों अनुभवों में साथ रहता है। सखा वह है जो तुम्हें आत्म स्थित करता है, यदि तुम किसी विषय वस्तु में फंसे हो। जो ज्ञान तुम्हें वापस आत्मा की ओर लाता है, वही सखा है।

शब्द पहेली - 7983



बाएँ से दाएँ

1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान,गगन-3
5. निम्न,जो स्तरीय न हो-4
8. रात्रि,निशा-2
10. सिलना,छाती
11. नश,नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप,पास,नजदीक-3
19. भगवान,खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होठ,अधर-2
23. लूटपाट,डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस,लाचार-4

ऊपर से नीचे

1. चिंगारी,अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत,साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार,रस से भरा-3
7. मेहंदी,ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी,भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत,प्रेम-2
22. ऋतुराज,मौज-मस्ती-3
23. रास्ता,डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3

शब्द पहेली -7982 का हल

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

खेल - समाचार

सीएसके और लखनऊ दोनों की अंकतालिका में कायम

मुंबई (ईएमएस)। लखनऊ सुपर जाइंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज की। सीएसके की हार के बाद भी टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर कायम है, जबकि केएल राहुल की टीम भी पांचवें स्थान पर बनी हुई है। सीएसके और लखनऊ दोनों ने 7-7 मैच खेलकर 3 में हार और 4 में जीत दर्ज करते हुए 8 अंक हासिल किए हैं। लेकिन नेट रन रेट के कारण दोनों टीमें अंक तालिका में अलग-अलग स्थान पर हैं। सीएसके को हार से तालिका में भले ही कोई फर्क ना पड़ा हो लेकिन उनका नेट रन रेट गिरा है, जबकि लखनऊ के नेट रन रेट में सुधार हुआ है। सीएसके का नेट रन रेट +0.726 से 0.529 पर पहुंच गया है जबकि लखनऊ का नेट रन रेट +0.038 से 0.123 हो गया है।

अंक तालिका में शीर्ष पर राजस्थान रॉयल्स है, जिसने सात मैचों में छह जीत हासिल की हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स छह मैचों में चार जीत के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके अलावा शीर्ष चार में सनराइजर्स हैदराबाद 8 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। अंक तालिका में सबसे नीचे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है, जिसने अपने अभियान के बीच में केवल एक मैच जीता है।

इस दिन हो सकता हैं टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम का ऐलान

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम की घोषणा करने की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, बीसीसीआई चयनकर्ता वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम की घोषणा करने की तैयारी कर रहे हैं।

सभी टीमों के लिए आईसीसी को अपनी टी20 वर्ल्ड कप 2024 टीम जमा करने की समय सीमा 1 मई निर्धारित

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का भारत दौरा टला

- भारत में हो सकता है टेस्ला का प्रवेश

नई दिल्ली (ईएमएस)। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का भारत दौरा फिलहाल टल गया है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से इस बात की जानकारी दी गई है। बता दें ?कि मस्क 21 से 22 अप्रैल दो दिनों के लिए भारत के दौरे पर आने वाले थे। इस दौरान वे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करने वाले थे। इस मुलाकात को लेकर मस्क ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके लिखा था कि के कि वे पीएम मोदी से मिलने के लिए उत्साहित हैं। वहीं मस्क के भारत दौरे को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं कि इस दौरे में भारत में टेस्ला का प्रवेश, निवेश और एक नई फैक्ट्री खोलने को लेकर कोई बड़ी घोषणाएं हो सकती हैं। ऐसा अनुमान था कि इस दौरे के बाद से उपग्रह आधारित मोबाइल ब्रॉडबैंड सेवा स्टारलिंक को देश में शुरू करने के एजेंडे को भी आगे बढ़ा सकते हैं। स्टारलिंक दुनिया के 70 देशों में पहले से ही सेवाएं दे रही है। कंपनी ने जीएमसीएस लाइसेंस के लिए नवंबर 2022 में आवेदन किया था लेकिन अभी तक उसे सरकार से हरी झंडी नहीं मिली है। मस्क के लिए यह उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा है। 2021 में मस्क ने देश में शोरूम खोलने और टेस्ला की कारें आयात कर देश में बेचने की योजना बनाई थी। इसके लिए टेस्ला ने बेंगलूरु में टेस्ला इंडिया मोटर्स ऐंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक इकाई बनाई थी। इसे सरकार से कंपनी की दो कारों मॉडल 3 और मॉडल वाई के लिए होमोलॉगेशन प्रमाण पत्र भी मिल गया था। होमोलॉगेशन प्रमाणपत्र का मतलब है कि उक्त कारें भारत की सड़कों पर चलने के लिए उपयुक्त हैं।

एलन मस्क ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट ङ्क पर एक पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए लिखा कि दुर्भाग्य से, टेस्ला में ज्यादा काम होने के कारण भारत की यात्रा में देरी हुई, लेकिन मैं इस साल के आखिर में यात्रा के लिए बहुत उत्सुक हूं। मामले से जुड़े लोगों के अनुसार मस्क को टेस्ला की पहली तिमाही के परफॉर्मेंस से जुड़े सवालों के जवाब देने के लिए 23 अप्रैल को अमेरिका में एक कॉन्फ्रेंस कॉल में हिस्सा लेना है। इससे पहले खबर थी की एलन मस्क 21 और 22 अप्रैल को भारत में रहेंगे। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे।

अमेरिका ने भारत के पक्ष में लिया अहम फैसला,पाकिस्तान को लगी मिर्ची

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका ने पाकिस्तान को कथित रूप सेर बैलिस्टिक मिसाइल सामग्री की आपूर्ति करने वाले तीन चीनी और एक बेलारूसी इकाई पर प्रतिबंध लगाया है। यह जानकारी विदेश विभाग ने दी।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि आज हम कार्यकारी आदेश 13382 के अनुसार, चार संस्थाओं को नामित कर रहे हैं, जो सामूहिक विनाश के हथियारों और उनके वितरण के साधनों को लक्षित करते हैं। इसमें से तीन संस्थाएं चीन में स्थित हैं और एक इकाई बेलारूस में हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों के लिए मिसाइल-प्रायोज्य सामग्रियों की आपूर्ति की है, जिसमें इसकी लंबी दूरी की मिसाइल कार्यक्रम भी शामिल है।

श्री मिलर ने कहा कि यह प्रतिबंध बेलारूस स्थित मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट के साथ-साथ चीन स्थित शीआन लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड,तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड कंपनी लिमिटेड और ग्रैनपेक्ट कंपनी लिमिटेड पर लगाया गया है। बता दें कि कि बाइडेन प्रशासन के इस फैसले की मिर्ची पाकिस्तान को जरुर लगेगी।

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भारी गिरावट

नई दिल्ली (ईएमएस)। बीते सप्ताह विदेशी निवेशकों के भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 793 अंक टूट गया था। इसका असर देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दिखा है। बीते 12 अप्रेल को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 5.401 बिलियन डॉलर ?गिरकर 643.162 बिलियन डॉलर का ही रह गया है। इससे पहले, पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में अपना भंडार 648.562 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी हालात कुछ ठीक नहीं हैं।

बीते 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी हुई है। यह ऑल टाइम हाई है। इससे पहले अक्टूबर 2021 में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा था।

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियां में भी कमी हुई है। बीते 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा आस्तियां में 6.513 बिलियन की कमी हुई है। इन दिनों भारतीय रिजर्व बैंक सोने का स्टॉक बढ़ा रहा है। तभी 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इस सप्ताह गोल्ड रिजर्व में 124 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। अब अपना सोने का भंडार 55.798 ?बिलियन हो गया है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के मुद्रा भंडार में भी कमी हुई है।

पड़ोसी देश पाकिस्तान में इस समय विदेशी मुद्रा की जबरदस्त किल्लत चल रही है। हालात ऐसे हैं कि वहां काम की चीजें मंगाने लायक भी विदेशी मुद्रा का भंडार नहीं बचा है। इसलिए बेहद संभल कर आयात करना पड़ता है। बीते 12 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां का विदेशी मुद्रा भंडार 48 मिलियन डॉलर घट गया। इससे पहले बीते 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के भंडार में बढ़ोतरी हुई थी। अब वहां 13.37 अरब डॉलर का ही विदेशी मुद्रा भंडार रह गया है।

पाकिस्तान में 8 हजार करोड़ निवेश करेगा सऊदी अरब

तंगहाली और आतंक के बावजूद पाक की मदद को तैयार क्राउन प्रिंस

भोपाल (ईएमएस)। सऊदी अरब जल्द ही पाकिस्तान में तांबा और सोने के खनन से जुड़े प्रोजेक्ट में 8.34 हजार करोड़ का निवेश करेगा। सऊदी के विदेश मंत्री फैजल बिन फरहान अल सऊद हाल ही में 2 दिन के पाकिस्तान दौरे पर गए थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी दौरान दोनों देशों के बीच डील पर चर्चा हुई। वहीं पाक आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने भी सऊदी के सहायक रक्षा मंत्री मेजर जनरल अब्दुल्लाह अल-ओताइबी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच डिफेंस प्रोडक्शन और मिलिट्री ट्रेनिंग पर भी चर्चा हुई। इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ईद-उल-फितर के मौके पर सऊदी अरब गए थे। वहां के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने उन्हें इफ्तार पार्टी का न्योता दिया था। पाकिस्तान में आर्थिक तंगहाली और राजनीतिक उठापटक के बीच सऊदी हमेशा से उसके साथ खड़ा रहा है। पिछले साल जुलाई में सऊदी ने पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर का लोन दिया था। 2020 तक पाकिस्तान को कर्ज देने वाले देशों में सऊदी पहले नंबर पर था। इस स्टोरी में जानिए की ऐसा क्यों है कि सऊदी पाकिस्तान के खराब आर्थिक और सुरक्षा हालातों के बावजूद उसकी मदद करता है।

जिद्दी रुस के खिलाफ 14वीं बार यूरोपीय संघ लगा सकता है कई नए प्रतिबंध

बुसेल्स(ईएमएस)। यूरोपीय संघ यूक्रेन के खिलाफ पूर्ण युद्ध छेड़ने के लिए रूस के खिलाफ 14वें दौर के प्रतिबंधों की तैयारी कर रहा है। यूरोपीय संघ के एक राजनयिक ने कहा कि दंडात्मक उपायों में तेल टैंकरों या अंधेरे बेड़े पर विचार किया जाना चाहिए जो इसमें बाधा डालने के लिए मौजूदा प्रतिबंधों के बावजूद रूसी तेल का परिवहन करते हैं। राजनयिकों के अनुसार, नए व्यक्तियों और संगठनों पर ब्लॉक में उनकी संपत्तियों पर रोक लगाई जाएगी। यूरोपीय आयोग को आने वाले सप्ताह में प्रतिबंधों के लिए प्रस्ताव पेश करना है।संगठन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यूरोपीय संघ के वरिष्ठ अधिकारीने कहा कि नए प्रतिबंध पैके ज मेंउनव्यक्तियों और संगठनों पर दंडा त्मक उपाय शामिल हैं जो रूस पर मौजूदा यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों को रोकने के प्रयासों में सहायता करते हैं।

रूस पर प्रतिबंधों का 13वां पैकेज फरवरी में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की दूसरी वर्षगांठ पर अपनाया गया था और इसमें 106 व्यक्तियों और 88 संगठनों को निशाना बनाया गया था।इसमें उत्तर कोरिया द्वारा रूस को हथियारों की आपूर्ति में शामिल व्यक्ति और उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री शामिल थे। यूक्रेन के खिलाफ रूसी युद्ध में योगदान देने वाले अर्थव्यवस्था के विभिन्न वर्गों को लक्षित करते हुए रूस पर यूरोपीय संघ के कई दौर के प्रतिबंध लगाए गए हैं।इनमें कच्चे तेल, कोयला, इस्पात, सोना और विलासिता की वस्तुओं पर आयात प्रतिबंध के साथ-साथ बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के खिलाफ दंडात्मक उपाय भी शामिल हैं। इसके अलावा, तथाकथित दोहरे उपयोग वाले सामान पर व्यापार प्रतिबंध लगाए गए थे जो रूसी रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र के तकनीकी विकास में योगदान दे सकते थे।

किम जोंग ने फिर किया क्रूज और विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण

पियोंगयांग,(ईएमएस)। उत्तर कोरिया आए दिन मिसाइलों का परीक्षण करता रहता है। ऐसा करके वह अपने विरोध दक्षिण कोरिया और अमेरिका को यह संदेश देता रहता है कि वह किसी भी तरह से कमजोर नहीं है। वहीं शनिवार को उत्तर कोरिया ने अपने पश्चिमी तटीय इलाके में सबसे बड़े क्रूज मिसाइल मुखास्त्र और एक विमानरोधी मिसाइल का परीक्षण किया है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया तेजी से अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ा रहा है और हाल में उसने कई मिसाइल परीक्षण भी किए हैं।

उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया की खबर में कहा गया है कि शुक्रवार को 'ह्वासल-1 रा-3' रणनीतिक क्रूज मिसाइल के लिए तैयार मुखास्त्र का 'शक्ति परीक्षण' किया साथ ही 'प्योलजी-1-2' विमानरोधी मिसाइल का परीक्षण किया गया। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार समिति द्वारा जारी की गई तस्वीरों से साफ नजर आ रहा है कि लॉन्चर ट्रक से दो मिसाइलें दागी जा रही हैं। खबर में यह भी कहा गया कि शुक्रवार को किया यह परीक्षण उत्तर कोरिया की सैन्य विकास गतिविधियों का हिस्सा थे और इसका आसपास के हालात से कोई लेना देना नहीं है।

अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच कोरियाई प्रायद्वीप पर कुछ सालों में काफी तनाव बढ़ा है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग हथियारों के जखीरे को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं और किम जोंग का कहना है कि इस जखीरे में कुछ ऐसी मिसाइलें भी हैं जो अमेरिकी और प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम हैं। उत्तर कोरिया की तैयारियों के बीच अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने भी अपने संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण का विस्तार किया है।

चीनी राजदूत ने छोड़ दिया कनाडा.....क्या फिर बढ़ रहा तनाव

टोरंटो (ईएमएस)। कनाडा में चीनी राजदूत कांग पेइवु ने लगभग पांच साल बाद अपना पद छोड़ दिया। रिपोर्ट के अनुसार, कांग पेइवु चीन लौट आए हैं। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, ओटावा में चीनी दूतावास ने मामले पर टिप्पणी करने से मना किया है। पेइवु ने 2019 से कनाडा में चीन के राजदूत के रूप में कार्य किया और उनके बाहर निकलने की खबर सबसे पहले कई समाचार आउटलेट्स द्वारा दी गई थी। चीनी राजनयिक की विदाई उस समय हुई जब दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध रसातल में चले गए।

तनावपूर्ण घटनाक्रमों की श्रृंखला में 2018 के अंत से 2021 के अंत तक कनाडाई नागरिकों माइकल स्पावर और माइकल कोवरिग को हिरासत में लेने का बीजिंग का निर्णय शामिल था। उनकी गिरफ्तारी को अमेरिकी प्रत्यर्पण वारंट पर हुआवेई के मुख्य वित्तीय अधिकारी मेंग वानझोउ की वैंकूवर गिरफ्तारी के प्रतिशोध के रूप में देखा गया था। हाल ही में, कनाडा के चुनावों में चीन द्वारा संभावित हस्तक्षेप के बारे में चिंताएँ बढ़ गई हैं। पिछले हफ्ते कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने मामले पर गवाही दी थी। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि चीन कनाडा में 2019 और 2021 के संघीय चुनावों के नतीजे को प्रभावित करने में सफल रहा।

इस बीच, विदेश मंत्री मेलानी जोली के कार्यालय ने पुष्टि की है कि उनके उप मंत्री डेविड मॉरिसन दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए चीन में हैं। हालाँकि, मीडिया ने अभी तक उनकी यात्रा के लिए कोई यात्रा कार्यक्रम जारी नहीं किया है। इस साल जनवरी में दोनों देशों ने एक-दूसरे के साथ संवाद और सहयोग करने का वचन देकर बयान दिए हैं।

दुबई में भारी बारिश से भारतीय विमानन कंपनियों का परिचालन प्रभावित

नई दिल्ली (ईएमएस)। दुबई में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से वहां हवाई अड्डे पर व्यवधान आने के बाद भारतीय विमानन कंपनियों का परिचालन प्रभावित हुआ है। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्पाइसजेट ने दुबई हवाई अड्डे पर प्र?तिबंध के कारण या तो अपनी सेवाएं रद्द कर दी हैं या उनका समय बदल दिया है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), विशेषकर दुबई के बीच व्यस्त हवाई यातायात है।

दुबई हवाई अड्डा दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। जहां एयर इंडिया ने हवाई अड्डे पर परिचालन संबंधी व्यवधानों का हवाला देते हुए दुबई से अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दीं, वहीं एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो ने अपनी कुछ उड़ानें निरस्त कर दी हैं।

सूत्रों ने बताया कि दुबई हवाईअड्डे ने एक नोटोम जारी किया है, जिसमें गैर-यूएई संचालकों द्वारा उड़ानों के संचालन को 21 अप्रैल की सुबह तक प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके अनुसार 24 घंटे में दो से अधिक उड़ान वाले गैर-यूएई संचालकों को दी गई समयावधि के दौरान परिचालन में 50 प्रतिशत की कटौती करने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने बताया कि नोटोम के बाद भारतीय वाहकों का उड़ान संचालन बाधित हो गया है और वे अपनी सेवाओं को रद्द और पुनर्निर्धारित कर रहे हैं। इस कदम से एयरलाइंस का परिचालन खर्च बढ़ेगा।

आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटैल को बोर्ड से मिली डिमर्जर की मंजूरी

मुंबई (ईएमएस)। आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड के निदेशक मंडल ने मदुरा फैशन एंड लाइफस्टाइल कारोबार को अलग करने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बताया कि उसकी योजना कंपनी के अलग होने के 12 महीनों के भीतर 2,500 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी जुटाने की है। बयान के अनुसार एबीएफआरएल के निदेशक मंडल ने हाल ही में हुई बैठक में आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड (एबीएलबीएल) के अलग होने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। विभाजित होने की प्रक्रिया पूरी होने पर एबीएलबीएल अलग से सूचीबद्ध होगी। एबीएफआरएल ने कहा कि इस प्रक्रिया को एनसीएलटी व्यवस्था योजना के माध्यम से लागू किया जाएगा और इसके पूरा होने पर एबीएफआरएल के सभी शेयरधारकों के पास दोनों कंपनियों में समान शेयरधारिता होगी। कंपनी ने बयान में कहा कि प्रक्रिया के पूरा होने के 12 महीनों के भीतर एबीएफआरएल ने अपने बहीखाते को मजबूत करने और शेष इकाइयों की वृद्धि को जरूरी कोष उपलब्ध कराने के लिए 2,500 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी जुटाने की योजना बनाई है। मदुरा फैशन एंड लाइफस्टाइल व्यवसाय में चार फास्ट फैशन ब्रांड लुई फिलिप, वैन ह्यूसेन, एलन सोली और पीटर इंग्लैंड के साथ-साथ अमेरिकन ईगल और फॉरएवर 21 जैसे कैजुअल वियर ब्रांड शामिल हैं।

कश्मीरी अलगाववादियों से मिली ब्रिटिश सांसद

लंदन(ईएमएस)। ब्रिटेन की एक सांसद रेचल हॉपकिंन्स ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के डिप्लोमैटिक ब्यूरो चीफ जाफर खान और अन्य सदस्यों से मुलाकात की है। ब्रिटेन की संसद में हुई इस मुलाकात के दौरान उन्होंने कश्मीर के आतंकी यासीन मलिक के केस की सुनवाई पर भी चर्चा की। संगठन के सदस्यों से मुलाकात के बाद रेचल ने सोशल मीडिया पर कहा कि मैंने जाफर खान के साथ अहम बैठक की। इस दौरान यासीन मलिक को हुई सजा के खिलाफ अपील करने पर चर्चा हुई। मैं हमेशा कश्मीरियों और उनके अधिकारों के लिए खड़ी रहूंगी।

इजरायल के हल्के पलटवार पर ही ईरान ने हथियार डाले, हो गया युद्ध का एंडगेम?

तेलअवीव(ईएमएस)। इजरायल ने पहले ही चेतावनी दी थी वह ईरान द्वारा लगभग एक सप्ताह पहले सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन दागे जाने के बाद जवाबी हमला करेगा। हालांकि, अधिकांश ईरानी हमलों को रोक दिया गया था। अब ईरान के अगले कदम से मध्य एशिया में युद्ध की स्थिति में नरमी देखी जा सकती है। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने बताया कि इस घटना के लिए इजरायल के खिलाफ प्रतिक्रिया देने की उनकी कोई योजना नहीं है। ईरान की तरफ से इजरायल पर किए गए हमले के सात दिन बाद इजरायली सेना ने ईरान पर कार्रवाई शुरू कर दी है। कथित तौर पर इजरायल ने ईरान पर जवाबी हमले में ईरान के इस्फाहान प्रांत पर मिसाइलें दागीं। अब ईरान इजरायल के इस हमले का जवाब देने मूड में नहीं है। ईरान ने यह संकेत दिए हैं कि वह जंग और बढ़ाना नहीं चाहता इसलिए उसकी जवाबी कार्रवाई की कोई योजना नहीं है। ईरान के ऐसे तेवर युद्ध को टालने के दिशा में देखे जा रहे हैं।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के 85वें जन्मदिन पर हमले के दावे के लिए कुछ इजरायली अधिकारियों का हवाला दिया, लेकिन उनका नाम नहीं बताया। ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के अनुसार, कई प्रांतों में आसमान में ड्रोन नजर आने की रिपोर्ट को लेकर वायु रक्षा प्रणाली ने गोलाबारी की। ईरान के सैन्य कमांडर जनरल अब्दुलरहीम मूसावी ने कहा कि सैनिकों ने आसमान में दिखे कई ड्रोन को निशाना बनाया। मूसावी ने कहा, ''इस्फहान के आसमान में आज सुबह हुआ विस्फोट एक संदिग्ध वस्तु पर हवाई रक्षा प्रणाली के हमलों से हुआ था, जिसमें कोई नुकसान नहीं हुआ।''अधिकारियों ने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने इस्फहान में वायुसेना अड्डा के बचाव में गोलाबारी की। वहां लंबे समय तक अमेरिका निर्मित एफ-17 टॉमकैट्स के बेड़े को रखा गया था। इन लड़ाकू विमानों को 1979 की इस्लामी क्रांति से पहले खरीदा गया था। इस्फहान में चीन द्वारा आपूर्ति किये गए तीन अनुसंधान परमाणु रिएक्टर हैं, हालांकि ये छोटे आकार के हैं। वहां ईरान के असैन्य परमाणु कार्यक्रम के लिए ईंधन उत्पादन की गतिविधियां भी होती हैं। इस्फहान में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े स्थल भी हैं जिनमें भूमिगत 'नतांज' संवर्धन स्थल शामिल है, जिस पर संदिग्ध इजरायली हमले बार-बार होते रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल की ओर से शुक्रवार तड़के ड्रोन हमला किये जाने पर एक वायुसेना अड्डा और परमाणु स्थल के बचाव में ईरानी सैनिकों ने वायु रक्षा प्रणालियों का इस्तेमाल किया। हालांकि, ईरान के किसी भी अधिकारी ने इस आशंका को प्रत्यक्ष रूप से स्वीकार नहीं किया है कि इजरायल ने हमला किया है। इजरायली सेना ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।हालांकि, गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ युद्ध और सीरिया में ईरान को निशाना बनाकर किए गए हमलों के बीच शनिवार को इजरायल पर हमले होने के बाद से तनाव बढ़ गया है। कैप्री द्वीप (इटली) पर जी-7 समूह देशों की बैठक में इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि अमेरिका को इस्फहान पर हमले के बारे में इजरायल से आखिरी क्षणों में सूचना मिली थी। हालांकि, अमेरिका के अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह इस बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था, लेकिन अमेरिकी ब्रॉडकास्ट नेटवर्क ने कुछ अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा कि इजरायल ने हमला किया था।

इजराइली पीएम के खिलाफ आईसीसी जारी कर सकता है गिरफ्तारी वारंट

-गाजा में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप, जर्मनी-ब्रिटेन से मदद मांगी

येरुशलम,(ईएमएस)। इजराइल-हमास युद्ध के बीच गाजा में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, कई राजनेताओं और सैन्य नेताओं के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी हो सकता है।

इजराइल को हमास के खिलाफ युद्ध के बीच डर सताने लगा है कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल को सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली थी कि आईसीसी आने वाले समय में वारंट जारी करने पर विचार कर रही है। इसके बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस में कई विशेषज्ञों ने इस मुद्दे पर तत्काल बैठक की थी। इस बैठक में वारंट को टालने के प्रयासों पर चर्चा हुई थी।

इजराइल के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस बैठक में इस बात पर सहमति बनी थी कि इजराइल गिर फ्तारी वारंट टालने के लिए आईसीसी और अन्य राष्ट्रों के विदेश डिप्लोमैटिक अधिकारियों से बातचीत करेगा। इसके अलावा, इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ब्रिटेन और जर्मनी के विदेश मंत्रियों से इस मामले में मदद भी मांगी है। नेतन्याहू के मंत्रियों को डर है कि गाजा में मानवीय संकट को देखते हुए यह वारंट जारी हो सकता है।

फरवरी में हमास की कैद से रिहा हुए कुछ इजराइलियों ने आईसीसी में हमास के युद्ध अपराध के खिलाफ शिकायत की थी। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के चीफ प्रॉसीक्यूटर करीम खान पिछले साल दिसंबर में इजराइल दौरे पर आए थे। इस दौरान करीम उन क्षेत्रों में भी गए थे, जहां हमास ने हमला किया था। करीम खान ने कहा था कि इजराइल में हमास की क्रूरता के सबूत मौजूद हैं। अब हमास के खिलाफ कार्रवाई शुरू करना उनका कर्तव्य है।

1 जुलाई 2002 को इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट यानी आईसीसी की शुरुआत हुई थी। ये संस्था दुनियाभर में होने वाले वॉर क्राइम, नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच करती है। ये संस्था1998 के रोम सम झौते पर तैयार किए नियमों के आधार पर कार्रवाई करती है। आईसीसी का मुख्यालय द हेग में है। ब्रिटेन, कनाडा, जापान समेत 123 देश रोम सम झौते के तहत इसके के सदस्य हैं। आईसीसी ने यूक्रेन में बच्चों के अपहरण और डिपोर्टेशन के आरोपों के आधार पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

आईसीसी के वारंट के लिए देशों को गिरफ्तारी करने के लिए बाध्य नहीं होना पड़ता। इसकी वजह यह है कि हर संप्रभु देश अपने आंतरिक और विदेशी नीतियों के लिए स्वतंत्र होते हैं। आईसीसी भी हर देश की संप्रभुता का सम्मान करती है। अपने 20 साल के इतिहास में आईसीसी ने मार्च 2012 में पहला फैसला सुनाया था। ये फैसला डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कॉन्गो के उग्रवादी नेता थॉमस लुबांगा के खिलाफ सुनाया था। जंग में बच्चों को भेजे जाने के आरोप में उसके खिलाफ केस चलाया गया था। इस आरोप में लुबांगा को 14 साल के लिए जेल की सजा सुनाई गई थी।

देश के कुछ राज्यों में बढ़े पेट्रोल-डीजल के भाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव से वै?श्विक बाजार में कच्चे तेल में तेजी का रुख जारी है। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 90.20 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर बंद हुआ। हालांकि क्रूड में आई इस तेजी का पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर ज्यादा असर देखने को नहीं मिला है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 20 अप्रैल के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों को जारी कर दिया है। आंध्रा प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और गोवा में ईंधन की कीमतों में इजाफा हुआ है जबकि असम, बिहार, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक समेत अन्य राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटी हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.32 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 रुपये और डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर, है।

सेंसेक्स 599 अंकों की बढ़त के साथ 73,088 पर बंद निफ्टी 150 अंक मजबूत होकर 22,147 पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में युद्ध की आशंका ही हावी रही। ईरान और इजरायल के तनाव के बीच बाजार में ?गिरावट देखने को ?मिली। एफआईआईएस ने जोरदार बिकवाली की, ?जिससे दुनिया भर के बाजारों में गिरावट नजर आई। घरेलू शेयर बाजारों में पूरे हफ्ते गिरावट बनी रही। बीते सप्ताह बुधवार को रामनवमी पर्व के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहने की वजह से पांच में से केवल चार ?दिन ही घरेलू शेयर बाजार में कारोबार हुआ। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार में भारी बिकवाली दिख रही है। इस दौरान प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेसेक्स और निफ्टी फिसल गए हैं। बीएसई का सेंसेक्स 757.55 अंकों की गिरावट के साथ 73,487.35 पर खुला और 845.12 अंकों की गिरावट के साथ 73,399.78 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 242.61 टूटकर 22,276.80 के स्तर पर खुला और 246.91 अंक टूटकर 22,272.50 पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में एक बार फिर कमजोर शुरुआत हुई है। सेंसेक्स 346.34 अंकों की कमजोरी के साथ 73,071.29 पर खुला और 461.78 अंकों की बढ़त के साथ 72,938.00 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 93.35 अंक फिसलकर 22,179.15 पर खुला और 124.60 अंक फिसलकर 22,147.90 पर बंद हुआ। गुरुवार को बाजार के प्रमुख इंडेक्स हरे निशान पर कारोबार करते दिखे। सेंसेक्स 14.50 अंक फिसलकर 72,924.01 पर खुला और 454.69 अंकों की गिरावट के साथ 72,488.99 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 18.35 अंकों की बढ़त के साथ 22,166.25 पर खुला और -152.06 अंक टूटकर 21,995.85 पर बंद हुआ। लगातार पांचवें दिन प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। शुक्रवार को सेंसेक्स करीब 600 अंक फिसलकर 72,000 पर खुला और 599.34 अंकों की बढ़त के साथ 73,088.33 पर बंद हुआ। निफ्टी करीब 150 अंक टूटकर 21800 पर खुला और 151.16 अंक मजबूत होकर 22,147.00 पर बंद हुआ।

ओला-उबर और रैपिडो ने ऐप के वॉलेट से राइड का पेमेंट करना किया बंद

नई दिल्ली (ईएमएस)। ओला, उबर और रैपिडो तीनों ही कंपनियों ने अपने ऐप के वॉलेट से राइड का पेमेंट करना बंद कर दिया है। इन तीनों कंपनियों के वॉलेट से अपनी राइड का पेमेंट करने का ऑप्शन नहीं मिलेगा। तीनों ही कंपनियों ने अपनी सेवा को और सरल बनाने व टैक्स बचाने के लिए यह तरीका खोज निकाला है।

दरअसल, ओला अथवा उबर पर सेवाएं दे रहे ऑटो ड्राइवर्स ने नम्मा यात्री जैसे ऐप पर जाना शुरू कर दिया था। इस माइग्रेशन को रोकने के लिए कंपनियों ने यह दांव चला है। इसके अलावा जीएसटी बचाने के लिए भी कंपनियों ने अब वॉलेट से भुगतान बंद कर दिया है। इसके बजाए अब राइड के बाद सीधे ड्राइवर को भुगतान करना होगा। इसका मतलब हुआ कि वॉलेट में रखे पैसे का इस्तेमाल राइड के लिए नहीं कर सकेंगे। कुछ कंपनियों ने ऑप्शन देना शुरू कर दिया है, जिसमें वॉलेट से करने पर ज्यादा पैसा लगता है और डायरेक्ट ड्राइवर को देने में कम खर्च आता है। ऐप का इस्तेमाल करने वालों को पता होगा कि ओला मनी, उबर कैश और रैपिडो वॉलेट जैसे ऑप्शन से अभी तक राइड का भुगतान करते थे, लेकिन अब यूपीआई या कैश के जरिये ड्राइवर को भुगतान किया जाएगा। राइड पूरी होने के बाद ऐप पर जो भी किराया दिखेगा, उसका भुगतान ड्राइवर को कैश के रूप में किया जा सकता है या फिर यूपीआई पेमेंट का ऑप्शन मिलेगा।

जानकारी के मुताबिक, कंपनी के एक टॉप एग्जीक्यूटिव ने बताया कि यह पूरी तरह बाजार का खेल है। अगर हम एक ऐसा फीचर देते हैं, जो सीधे ड्राइवर को भुगतान का विकल्प देता है, साथ ही टैक्स भी बचाता है। टैक्स की इस बचत का फायदा कंपनी के साथ ड्राइवर को भी होगा। इससे राइड सस्ती होगी तो ग्राहक भी ज्यादा आकर्षित होंगे और बिजनेस बढ़ेगा। ओला, उबर और रैपिडो ने सिर्फ यूजर्स के लिए ही बदलाव नहीं किया है, बल्कि ड्राइवर के लिए भी बड़ा बदलाव किया

क्षत्रियों ने खींची तलवारें, आंदोलन शुरू पार्ट-२ हो गया

राजकोट, २० अप्रैल।

क्षत्रियों ने अब रूपाला और बीजेपी के खिलाफ असली जंग शुरू कर दी है। क्षत्रिय समाज का बीजेपी को दिया गया अल्टीमेटम अब खत्म हो गया है। अब क्षत्रियों ने तलवारें खींच ली हैं। क्षत्रिय समाज आंदोलन पार्ट-२ शुरू हो गया है। क्षत्रिय समन्वय समिति के सदस्य पीटी जड़ेजा ने आज राजकोट में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्हो ने कहा कि आंदोलन को ग्रामीण इलाकों तक बढ़ाया जाएगा। अलग-अलग जोन में बीजेपी के खिलाफ वोट करने की शपथ ली जाएगी।

८ सीटों पर बीजेपी को हराएं, आंदोलन को ग्रामीण इलाकों तक बढ़ाया जाएगा। अलग-अलग जोन में बीजेपी के खिलाफ वोट करने की शपथ ली जाएगी

ऐसे में क्षत्रिय समाज ने बीजेपी की जनसभा में विरोध प्रदर्शन की रणनीति बनाई है। इसके साथ ही पीटी जड़ेजा ने इस बात को भी खारिज कर दिया है कि बीजेपी इस आंदोलन को कांग्रेस से प्रेरित मानती है।क्षत्रिय नेता पीटी जड़ेजा ने कहा कि क्षत्रिय समाज के आंदोलन का पार्ट २ शुरू हो गया है। अहमदाबाद में क्षत्रिय समन्वय समिति द्वारा भाग २ शुरू करने का निर्णय लिया गया है। क्षत्रिय समाज आणंद और वडोदरा में सम्मेलन करेगा। इन दोनों लोकसभा सीटों पर क्षत्रिय समुदाय के बड़े वोटर हैं। आने वाले दिनों में तारीख और स्थान की घोषणा की जाएगी। हमने बीजेपी के खिलाफ वोट करने का आह्वान किया है।

साथ ही उन्होंने कहा कि अगर ४०० क्षत्रिय एक साथ अपनी उम्मीदवारी दर्ज कराएंगे तो हमारे वोट बंट जाएंगे, इसलिए नामांकन फॉर्म न भरें। हमारे समाज में कोई विभाजन नहीं है। समाज का अर्थ है समन्वय समिति और समन्वय समिति का अर्थ है समाज। क्षत्रिय समाज ८ सीटों पर भाजपा को हराएगा। क्षत्रिय समन्वय समिति राजनीति से प्रेरित नहीं है।

साथ ही उन्होंने इस बात से भी इनकार किया है कि यह आंदोलन कांग्रेस से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि आंदोलन कांग्रेस नहीं समाज चला रहा है। बीजेपी ने इस आंदोलन को कांग्रेस प्रेरित बताकर खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज ८ सीटों पर बीजेपी को हराएगा। क्षत्रिय समन्वय समिति राजनीति से प्रेरित नहीं है।युवराज सिंह एक राजनीतिक नेता हैं।पी.टी. जड़ेजा ने दिया बयान। फिर पी.टी. जडेजा के बयान पर युवराज सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि ये पीटी जड़ेजा की निजी राय हो सकती है। अगर कोर कमेटी की ओर से मेरे लिए ऐसा बयान दिया जाता है तो मुझे सोचना पड़ेगा। मैं समाज के हर कार्यक्रम में मौजूद रहता हूं। मैं किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में टोपी, सैश या किसी अन्य राजनी तिक बात के बारे में बात नहीं करता। चाहे वह पीटी जाडेजा हों या कोर कमेटी के सदस्य अप्रत्यक्ष रूप से अतीत या वर्तमान में अलग पार्टी के थे। किसी व्यक्ति विशेष से ज्यादा मूल मुद्दे पर ध्यान देना जरूरी है।

तो पुरूषोत्तम रूपाला की आग महिसागर जिले तक पहुंच गई है। लूणावाड़ा विधानसभा कार्यालय के उद्घाटन पर क्षत्रिय समाज ने किया विरोध प्रदर्शन। पंचमहल १८ लोक द्वसभा कार्यालय के उद्घाटन के दौरान क्षत्रिय समाज के युवाओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। राजपूत समाज के युवा बड़ी संख्या में रूपाला हाय हाय के नारे लगाते हुए कार्यालय पहुंचे। कार्यालय के उद्घाटन के समय राजपूत समुदाय के युवा बड़ी संख्या में पहुंचे और उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। 'रूपाला का टिकट रद्द करो' और 'रूपाला हाय हाय' के नारों के साथ राजपूत समाज के युवाओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यालय के उद्घाटन के समय बड़ी संख्या में पुलिस का काफिला तैनात किया गया था और क्षत्रिय समुदाय के युवाओं को हिरासत में लिया गया था।

भाजपा 400 पार नहीं बल्कि तड़ीपार होगी : शक्तिसिंह गोहिल

अहमदाबाद (ईएमएस)गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने भाजपा के 400 पार के दावे को लेकर बड़ी बात कही है।शक्तिसिंह गोहिल ने कहा कि भाजपा 400 पार नहीं बल्कि तड़ीपार होगी।उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा को अपनी हार का डर सता रहा है, इसीलिए वह येन केन प्रकारेण कांग्रेस उम्मीदवारों को परेशान कर रही है।शक्तिसिंह गोहिल सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी के नामांकन को लेकर उठे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे।उन्होंने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस उम्मीदवार के 4 समर्थकों को दबाव बनाकर फार्म में हस्ताक्षर नहीं किए ऐसा हलफनामा तैयार करवाया है।वहीं गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा कि निलेश कुंभाणी के मामले में हम कानूनी कार्यवाही करेंगे।निलेश कुंभाणी के नामांकन पर आपत्ति सही या झूठी इसे साबित करने के लिए हमने समय मांगा है।कल हम निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना जवाब पेश करेंगे।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर कांग्रेस उम्मीदवार को हराने का प्रयास कर रही है।कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थकों पर किस प्रकार दबाव डाला गया है इसका कल हम पर्दाफाश करेंगे।दूसरी ओर कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी का कहना है कि वह तीन में से दो समर्थकों के साथ संपर्क नहीं कर पा रहे।एक समर्थक मेरे संपर्क में है और वह कल निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पेश होगा।उन्होंने विश्वास जताया कि कल तीनों समर्थक निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पेश होंगे।भाजपा को हार का डर सता रहा है इसलिए वह मेरे समर्थकों डरा-धमका रही है।

गर्मियों की छुट्टियों में मामा के घर आए चचेरे भाई-बहन की तालाब में डूबने से मौत

दाहोद (ईएमएस)गर्मियों की छुट्टियों में दाहोद के मोटीहांडी स्थित अपने मामा के घर आए चचेरे भाई-बहन की गांव के तालाब में डूबने से मौत हो गई।घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की है।जानकारी के मुताबिक दिलीप नरसिंगभाई और दीपिका तानसिंगभाई कटारा दाहोद जिले की झालोद तहसील के मोटीहांडी गांव में रहनेवाले अपने मामा के घर आए थे।चचेरे भाई-बहन गांव के तालाब में नहाने गए थे, जहां गहरे पानी में डूबने लगे।बच्चों को डूबता देख आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए।स्थानीय तैराकों ने दोनों बच्चों को तालाब से बाहर निकाला।हालांकि तब तक काफी देर हो चुकी थी।तालाब के गहरे पानी में डूबने से दोनों की हो गई थी।खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।

सोलर पैनल की सफाई कर रहा युवक नर्मदा नहर में गिरा, दमकल की टीमें कर रही हैं तलाश

वडोदरा (ईएमएस)शहर के समा क्षेत्र में नर्मदा नहर पर लगे सोलर पैनल को साफ कर रहा एक युवक अचानक में नहर में जा गिरा।खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और नहर में युवक की तलाश शुरू कर दी।जानकारी के मुताबिक वडोदरा के समा क्षेत्र में नर्मदा नहर है जिस पर सबसे बड़ा सौर पैनल श्रेणीबद्ध तरीके से लगाई गई है। बताया जाता है कि इस सोलर पैनल की रखरखाव का ठेका निजी ठेकेदार को दिया गया है।निजी ठेकेदार का यहां काम करने वाले चंद्रेश अग्रवाल नामक युवक नर्मदा नहर पर लगी सोलर पैनल की सफाई करने गया था।सफाई के दौरान चंद्रेश अग्रवाल का पैर फिसल गया और वह सीधे नर्मदा नहर में गिर गया।आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। चंद्रेश अग्रवाल के परिजन और समाज के नेता भी मौके पर पहुंच गए।

परिजनों का आरोप है कि सोलर सफाई कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा उचित सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराये गये थे।फिलहाल फायर ब्रिगेड के जवान नर्मदा नहर में चंद्रेश अग्रवाल की तलाश कर रहे हैं।

भाजपा के लिए गले की फांस बना रूपाला विवाद, पाटीदारों को संभालने के चक्कर में क्षत्रिय वोट गंवाएगी

अहमदाबाद (ईएमएस)गुजरात में भाजपा के लिए रूपाला विवाद गले की फांस बन गया है।भाजपा राजकोट लोकसभा सीट से पुरुषोत्तम रूपाला को हटाने के मूड में नहीं दिखती।जबकि क्षत्रिय समाज रूपाला को हटाने की अपनी मांग पर कायम है और आंदोलन पार्ट-2 का ऐलान कर दिया है।अब तक केवल राजकोट में पुरुषोत्तम रूपाला का विरोध किया जा रहा था, लेकिन अब गुजरात की सभी 26 सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों का विरोध करने का ऐलान कर दिया है।भाजपा के लिए मौजूदा स्थिति इधर कुआं और उधर खाई जैसी है।पाटीदारों को संभालने के चक्कर में भाजपा को क्षत्रिय वोटों से हाथ धोना पड़ेगा।हालांकि क्षत्रिय के वोट कटने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन इसका असर गुजरात की सभी 26 सीटें 5 लाख से अधिक अंतर से जीतने का भाजपा प्रमुख सीआर पाटील के लक्ष्य पर होगा।गुजरात की 26 में से 8 सीटें ऐसी हैं जहां क्षत्रिय समाज का प्रभुत्व है।जिसमें खेडा में 15 प्रतिशत, आणंद में 12 प्रतिशत, सुरेन्द्रनगर में 11 प्रतिशत, कच्छ में 10 प्रतिशत, भावनगर में 10 प्रतिशत, राजकोट में 7 प्रतिशत, साबरकांठा में 6 प्रतिशत और वडोदरा लोकसभा सीट पर 6 प्रतिशत क्षत्रिय समाज का प्रभुत्व है।पूरे गुजरात की बात करें तो करीब 70 लाख मतदाता क्षत्रिय समाज के हैं।हालांकि क्षत्रिय समाज की वोट बैंक का असर भाजपा की जीत पर उतना नहीं होगा, लेकिन पांच लाख के अंतर से जीतने का लक्ष्य जरूर हो सकता है।बावजूद इसके भाजपा किसी भी सूरत में क्षत्रिय समाज की मांग स्वीकार करने को तैयार नहीं दिखती।क्षत्रिय समाज की मांग पर रूपाला को हटाकर भाजपा राज्य में 14 से 16 प्रतिशत पाटीदार मतदाताओं को नाराज नहीं कर सकती।गुजरात में क्षत्रिय और पाटीदार दोनों ही भाजपा की मजबूत वोट बैंक हैं।लेकिन एक को संभालने के चक्कर में दूसरे के वोट खिसकने की संभावना है।हालांकि राज्य में 5 से 6 प्रतिशत क्षत्रिय समाज के वोट 26 सीटों पर कोई निर्णायक असर नहीं डाल सकते।लेकिन जीत के मार्जिन को प्रभावित जरूर कर सकते हैं।फिलहाल गुजरात में भाजपा के लिए रूपाला विवाद गले की फांस बना हुआ है और इससे उसे कितना नुकसान होगा यह 4 जून को साफ हो जाएगा।दूसरी ओर क्षत्रिय समाज अपने स्वाभिमान की लड़ाई लड़ रहा है और वह रूपाला की उम्मीदवारी वापस कराने की मांग पर अडिग है।भाजपा से क्षत्रिय समाज की नाराजगी का सीधा फायदा कांग्रेस को होगा।कल अहमदाबाद में हुई क्षत्रिय समाज की संकलन समिति की बैठक के बाद यह ऐलान कर दिया गया है कि अब वह राज्यभर में आंदोलन करेंगे।इसके अंतर्गत राज्य के हर एक जिले में क्षत्रिय समाज की महिला एक दिन का उपवास आंदोलन करेंगी।

सूरत के कांग्रेस कैंडिडेट के नामांकन का पर्चा रद्द तत्काल सुनवाई के लिए हाईकोर्ट जाएंगे नीलेश कुंभाणी, कलेक्टर से 1 दिन का समय मांगा

सूरत (ईएमएस)। गुजरात के सूरत में कांग्रेस कैंडिडेट नीलेश कुंभाणी का नामांकन फॉर्म रद्द कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार उनके पर्चे में गवाहों के हस्ताक्षर में गड़बड़ी थी। इस मामले में बीजेपी के पूर्व डिप्टी मेयर दिनेश जोधानी ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। आज जिला कलेक्टर ने कुंभाणी को ऑफिस बुलाया और पर्चे की जांच के बाद कुंभाणी को नामांकन रद्द करने की मौखिक जानकारी दी।

मिली जानकारी के अनुसार कुंभाणी ने कलेक्टर से एक दिन का समय मांगा है। वे अब तत्काल सुनवाई के लिए हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं। नीलेश कुंभाणी के डमी कैंडिडेट के तौर पर सुरेशभाई पडसाला ने भी फॉर्म भरा है। अगर कुंभाणी का फॉर्म रद्द हुआ तो सूरत सीट से कांग्रेस की ओर से पडसाला चुनाव लड़ सकते हैं। सूरत लोकसभा सीट के लिए कुल 24 फॉर्म भरे गए हैं। भाजपा और कांग्रेस के साथ-साथ बहुजन समाज पार्टी, सरदार वल्लभभाई पटेल पार्टी, अखिल भारत हिंदू महासभा, ग्लोबल रिपब्लिकन पार्टी, लोग पार्टी, बहुजन रिपब्लिकन सोशलिस्ट पार्टियों समेत चार निर्दलीयों ने भी नामांकन दाखिल किया है।

चरित्र पर शक के चलते पति ने पत्नी की हत्या कर दी, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

सूरत (ईएमएस)शहर के सचिन होजीवाला इंडस्ट्रीयल एस्टेट स्थित कुलदेवी प्लायवुड में रहनेवाले एक युवक ने चरित्र पर शक के चलते अपनी पत्नी की हत्या कर दी।मृतक के चाचा की शिकायत के आधार पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।जानकारी के मुताबिक सूरत सचिन होजीवाला इंडस्ट्रीयल क्षेत्र में रहनेवाले राजस्थान के मूल निवासी 50 वर्षीय पप्पूलाल नारणलाल भील ने हीराराम उर्फ हरिश देवाराम भील के खिलाफ अपनी भतीजी की हत्या की पुलिस थाने में शिकायत की है।जिसके मुताबिक पप्पूलाल भील के भाई बाबुलाल की बेटी 20 वर्षीय अंजनी उर्फ दीपिका की एक साल पहले हीराराम उर्फ हरिश भील के साथ हुई थी।बीते दिन हीराराम ने पप्पूलाल को फोन कर बताया कि अंजनी सीढ़ियों से गिरकर बुरी तरह घायल हो गई है,

आप जल्दी आ जाओ।हालांकि पप्पूलाल के पहुंचने से पहले हीराराम अपनी पत्नी अंजनी को लाजपोर स्थित अस्पताल ले जाया गया और वहां से वापस घर ले आया।पप्पूलाल के आने पर हीराराम ने बताया कि अंजनी बुरी तरह घायल होने से बेहोश हो गई थी, इसलिए उसे अस्पताल ले गया था।जहां डॉक्टर ने अंजनी को मृत घोषित कर दिया।अंजनी के शरीर पर चोट के निशान देख पप्पूलाल ने जब हीराराम से सख्ती से पूछा तो वह टूट गया और कहा कि उसने ही चरित्र पर शंका के चलते अपनी पत्नी की हत्या की है।हीराराम ने बताया कि सुबह के वक्त जब वह घर आया तो अंजनी किसी के साथ मोबाइल पर बात कर रही थी।जब अंजनी से पूछा कि वह फोन पर किससे बात कर रही थी, तो उसने बताया कि वह अपनी मां से बात कर रही थी।

हालांकि जब उसका मोबाइल चेक किया तो उसमें ओमप्रकाश से बात करती होने का खुलासा हुआ।हीराराम पत्नी समेत मेहसाणा में रहता था तब उत्तर प्रदेश के मूल निवासी ओम प्रकाश से संपर्क हुआ था।ओमप्रकाश भी हीराराम के साथ काम करता था, जिसकी वजह से अंजनी से परिचय हुआ।गत होली के त्यौहार पर हीराराम ने अंजनी और ओमप्रकाश को एकांत में बात करते हुए पकड़ा था।जिसके बाद अंजनी ने फिर कभी ओमप्रकाश से बात नहीं करने का वादा किया था।इसके बावजूद वह फिर ओमप्रकाश से मोबाइल पर बात कर रही थी, जिससे आवेश में आकर उसकी हत्या कर दी।इस खुलासे के बाद पप्पूलाल ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक अंजनी के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया और पप्पूलाल की शिकायत के आधार पर हीराराम भील के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

हनीट्रेप में फांसकर युवक से ऐंठे साढ़े तीन लाख, पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

सूरत (ईएमएस)हनीट्रेप में फांसकर लाखों रुपए ऐंठने की घटनाएं आए दिन सामने आती हैं।हनीट्रेप के शिकार कई बार बदनामी के डर से रुपए देकर मामला रफा दफा कर देते हैं, तो कई घटना के कुछ समय बाद पुलिस की शरण में पहुंच जाते हैं।ऐसी ही एक घटना सूरत से सामने आई है, जिसमें 36 वर्षीय एक युवक को हनीट्रेप में फांसकर 3.50 लाख रुपए ऐंठ लिए गए।करीब चार महीने पहले हुई इस घटना को लेकर युवक ने बीते दिन सूरत के अमरोली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवा दी।जिसके आधार पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ सूरत के वराछा और कतारगाम पुलिस थाने में ऐसे ही मामले पहले दर्ज हो चुके हैं।जानकारी के मुताबिक सूरत के वराछा क्षेत्र में रहनेवाला 36 वर्षीय युवक साडी का जोबवर्क करता है।एक वेबसाइट पर उसने युवतियों की तस्वीरों पर क्लीक की तो एक नंबर सामने आया।जिसके युवक ने कोई जांच पड़ताल नहीं की और युवती से बातचीत करना शुरू कर दिया।गत 9 दिसंबर 2023 को युवती ने युवक को अमरोली क्षेत्र के ऋतुराज एपार्टमेंट के सी 604 के फ्लैट में मिलने को बुलाया।युवती के बुलाने पर युवक बगैर सोचे विचारे ऋतुराज एपार्टमेंट के सी 604 नंबर के फ्लैट में पहुंच गया।जहां एक महिला और एक युवती मौजूद थी।युवक के पहुंचने के बाद युवती उसे लेकर एक कमरे में चली गई।कुछ देर बाद किसी ने कमरे का दरवाजा खटखटाया तो युवती ने तुरंत दरवाजा खोल दिया।दरवाजा खुलते ही तीन शख्स कमरे में घुस आए खुद को पुलिस बताते हुए युवक को डरा दिया।भयभीत युवक ने शख्सों से कहा कि मेरे खिलाफ कोई केस मत करना मैं रु. 2 लाख देने को तैयार हूं।नकली पुलिस बनकर आए तीन शख्सों में से एक ने कहा कि साहब से बात करता हूं और कमरे से बाहर निकल गया।कुछ देर बाद कमरे में लौटने के बाद शख्स ने रु. 4 लाख की मांग की।अंत में युवक रु. 3.50 लाख देने को तैयार हो गया और अपने साढू से रुपए मंगवाकर नकली पुलिस को दे दिए।चार महीने पहले हुई इस घटना में बदनामी के डर से युवक ने किसी से इसका जिक्र तक नहीं किया।इस बीच अमरोली क्षेत्र में हनीट्रेप की घटनाएं सामने आने के बाद युवक में हिम्मत आई और वह बीते दिन अमरोली पुलिस थाने पहुंच गया और रिपोर्ट दर्ज करवा दी।जिसके आधार पर पुलिस ने हनीट्रेप गिरोह के हरेश राजु सरवैया नामक आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी।

चुनाव के कारण ग्रीष्मकालीन अवकाश रद्द कर दिया गया और शिक्षकों की योजनाएँ बाधित हो

अहमदाबाद, २० अप्रैल।

गर्मी साल, राज्य में स्कूल शुरू होते ही तमाम घोषणाएं की जाती हैं, जिसमें गर्मी और दिवाली की छुट्टियां कब होंगी, यह भी शामिल है। इस वर्ष ६ मई से ९ जून तक कुल ३५ दिनों का ग्रीष्म अवकाश घोषित किया गया था। लेकिन १६ मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही ग्रीष्मावकाश स्थगित कर दिया गया है।

ऐसे में फिलहाल ६ मई से शिक्षकों की कोई छुट्टी नहीं होगी। आमतौर पर छुट्टियां टलने के बाद नई तारीख की घोषणा की जाती है। शिक्षकों का कहना है कि अभी तक नये अवकाश की घोषणा नहीं होने से काफी परेशानी उत्पन्न हो गयी है। क्योंकि अधिकांश शिक्षकों ने पहले से ही अपनी छुट्टियों की योजना बना ली थी।

इसके अलावा कुछ शिक्षकों ने छुट्टियों के दौरान शादियां भी आयोजित कीं। अचानक छुट्टियाँ स्थगित होने से सारी योजनाएँ बाधित हो गई हैं। इतना ही नहीं, कुछ शिक्षकों को अपनी पिछली बुकिंग भी रद्द करने पर मजबूर होना पड़ा है।

शिक्षकों का कहना है कि चुनाव की घोषणा होने के बाद छुट्टियां रद्द कर दी गयीं और फिर कब चुनाव होना है और कब मतदान होना है समेत तारीखों की घोषणा कर दी गयी। इस तारीख को ध्यान में रखते हुए दोबारा से छुट्टियों की घोषणा की जानी चाहिए लेकिन अभी तक ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई है।

ऐसे में शिक्षकों के सामने अपनी पिछली होटल बुकिंग, रेलवे, हवाई जहाज टिकट बुकिंग को ट्रांसफर कराने या रद्द करने की समस्या है। ऐसे में विभाग के फैसले से हजारों शिक्षकों का शेड्यूल गड़बड़ा गया है। आने वाले दिनों में योजना कब बनेगी, यह तय नहीं हो पा रहा है।

डम्पर और अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक समेत दो लोगों की मौत

सूरत (ईएमएस)शहर के सचिन जीआईडीसी और उमरा पुलिस थानान्तर्गत क्षेत्र में हुई दो अलग अलग दुर्घटना में युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई।एक मामले में पुलिस ने डम्पर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।जबकि दूसरे मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।जानकारी की मुताबिक सूरत के सचिन जीआईडीसी पुलिस के मुताबिक गोडदरा क्षेत्र के खोडियारनगर निवासी 23 वर्षीय विशाल प्रदीपकुमार मिश्रा नामक युवक तलगपुर स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करता था।विशाल मिश्रा अपनी इलेक्ट्रिक मोपेड पर कंपनी के किसी व्यक्ति को लेने जा रहा था।उस वक्त सचिन जीआईडीसी तलगपुर रोड पर मौर्या फैशन शोप के सामने डम्पर ने मोपेड सवार विशाल को अपनी चपेट में ले लिया।इस घटना में विशाल की गंभीर रूप से घायल होने से मौत हो गई।पुलिस ने डम्पर के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।दूसरी घटना में सूरत के भेस्तान क्षेत्र में रहनेवाले 41 वर्षीय हितेश महेशचंद्र खत्री अपनी मोटर साइकिल पर अपने किसी संबंधी के घर जा रहे थे।रास्ते में एसवीएनआईटी बीआरटीएस बस स्टैन्ड के सामने किसी अज्ञात वाहन ने हितेश खत्री की बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।अज्ञात वाहन की चपेट में आए हितेश खत्री की गंभीर चोट लगने से मौत हो गई।

सूरत के बाद अमरेली सीट पर विवाद, कांग्रेस उम्मीदवार पर संपत्ति छिपाने का आरोप

अहमदाबाद (ईएमएस)सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी के फार्म में तीन समर्थकों के हस्ताक्षर फर्जी होने का मामला अभी सुलझा नहीं था कि अमरेली सीट से कांग्रेस प्रत्याशी की उम्मीदवारी भी दांव पर लग गई है।भाजपा ने अमरेली सीट से कांग्रेस उम्मीदवार जेनी ठुम्मर के नामांकन पर आपत्ति की है।भाजपा का आरोप है कि जेनी ठुम्मर ने हलफनामे में अपनी संपत्ति छिपाई है।इस संदर्भ में भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की है।जेनी ठुम्मर के हलफनामे को लेकर भी निर्वाचन अधिकारी रविवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनेंगे और उसके बाद ही कोई फैसला करेंगे।सूरत से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी के मामले में भी निर्वाचन अधिकारी रविवार की सुबह फैसला करेंगे।भावनगर सीट से आम आदमी पार्टी उम्मीदवार उमेश मकवाणा के हलफनामे में विसंगतियों को लेकर भाजपा ने आपत्ति की है।बनासकांठा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार गेनी ठाकोर के खिलाफ भी संपत्ति को लेकर आरोप लगाए गए हैं।वहीं खेडा सीट से भाजपा प्रत्याशी देवुसिंह चौहाण के खिलाफ कांग्रेस ने आपत्ति की है।कांग्रेस का आरोप है कि देवुसिंह चौहाण ने सांसद सुविधा केन्द्र के किराये का भुगतान नहीं किया।इसके अलावा वडोदरा की वाघोडिया विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार धर्मेन्द्रसिंह वाघेला के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी मधु श्रीवास्तव में आपत्ति की है।मधु श्रीवास्तव का आरोप है कि धर्मेन्द्रसिंह ने अपने 4 वाहनों के पीयूसी नहीं और इंश्योरेंस भी नहीं लिया।साथ ही धर्मेन्द्रसिंह ने अपने हलफनामे में राजस्व खर्च का भी उल्लेख नहीं किया।

पश्चिम रेलवे ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाएगी

ट्रेन नं.	प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य	सेवा की तिथियाँ	प्रस्थान	आगमन
09001	उधना - जयनगर (अनारक्षित)	21.04.2024	11:25 बजे. (रविवार)	23:00 बजे. (अगले दिन)
09002	जयनगर - उधना (अनारक्षित)	23.04.2024	02:00 बजे. (मंगलवार)	14:30 बजे. (अगले दिन)

पड़ावः चलथान (आगमन 11:40 बजे / प्रस्थान 11:45 बजे), भधोई (आगमन 12.00 बजे / प्रस्थान 12.05 बजे) नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दोनों दिशाओं में दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन।

संरचनाः सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

09091	उधना - जयनगर (अनारक्षित)	21.04.2024	14:25 बजे. (रविवार)	08:25 बजे. (मंगलवार)
09092	जयनगर - गोधरा (अनारक्षित)	23.04.2024	11:30 बजे. (मंगलवार)	23:30 बजे. (अगले दिन)

पड़ावःरतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी, मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दोनों दिशाओं में दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन। ट्रेन संख्या, 09091 का सूरत (आगमन 14.43 बजे/प्रस्थान 14.48 बजे), सायन, भरूच, वडोदरा और गोधरा स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव होगा।

संरचनाः सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

09103	उधना - छपरा (अनारक्षित)	21.04.2024	22:00 बजे. (रविवार)	09:30 बजे. (मंगलवार)
09104	छपरा - उधना (अनारक्षित)	23.04.2024	12:30 बजे. (मंगलवार)	22:30 बजे. (अगले दिन)

पड़ावः सूरत (आगमन 22.15 बजे/प्रस्थान 22.20 बजे), सायन, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सौगोर, दमोह, कटनी मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर और बलिया स्टेशन दोनों दिशाओं में।

संरचनाः सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

09103	साबरमती - सुल्तानपुर	22.04.2024	00:30 बजे. (सोमवार)	02:00 बजे. (अगले दिन)
09104	सुल्तानपुर - साबरमती	23.04.2024	05:00 बजे. (मंगलवार)	07:00 बजे. (अगले दिन)

पड़ावःमहेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, आगरा किला, टूंडला, कानपुर सेंट्रल और लखनऊ स्टेशन दोनों दिशाओं में।

संरचनाः एसी 3- टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच

समय, पड़ाव और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry. Indianrail.gov.in पर जा सकते हैं

ट्रेन संख्या 09423 की बुकिंग 21 अप्रैल, 2024 (सुबह 10.00 बजे) से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष ट्रेन विशेष किराया के रूप में चलेंगी।

WESTERN RAILWAY
wr.indianrailways.gov.in
हमें यहां लाइक करें : facebook.com/WesternRly
हमें यहां फ़ॉलो करें : twitter.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल आईडी प्रमाण साथ रखें

पश्चिम रेलवे द्वारा ग्रीष्म विशेष गाड़ियों का संचालन

गाड़ी क्र.	आरंभिक स्टेशन तथा गंतव्य	संचालन की तिथियां	प्रस्थान	आगमन
09654	बांद्रा टर्मिनस - अजमेर	28.04.24 से 30.06.24 तक	14.30 बजे (रविवार)	07.50 बजे (अगले दिन)
09653	अजमेर - बांद्रा टर्मिनस	27.04.24 से 29.06.24 तक	17.50 बजे (शनिवार)	12.15 बजे (अगले दिन)

ठहराव : बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, अंकलेश्वर, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, जाओरा, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बिजयनगर तथा नसीराबाद स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में.

संयोजन : एसी 2 - टीयर, एसी 3-टीयर, शयनयान श्रेणी तथा सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस

04818	साबरमती - बाड़मेर	29.04.24 से 01.07.24	08.15 बजे (सोमवार)	17.55 बजे (उसी दिन)
04817	बाड़मेर - साबरमती	28.04.24 से 30.06.24 तक	21.30 बजे (रविवार)	07.15 बजे (अगले दिन)

ठहराव : महेसाणा, पाटण, भिलडी, धनेरा, रानीवाडा, मारवाड भीनमाल, मोदरण, जालोर, मोकलसर, सामदडी, बालोतरा तथा बायतू स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में.

संयोजन : प्रथम एसी, एसी 2-टीयर, एसी 3-टीयर, शयनयान श्रेणी तथा सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस

04820	साबरमती - बाड़मेर	23.04.24 से 25.06.24 तक	23.45 बजे (मंगलवार)	10.30 बजे (अगले दिन)
04819	बाड़मेर - साबरमती	23.04.24 से 25.06.24 तक	13.00 बजे (मंगलवार)	22.35 बजे (उसी दिन)

ठहराव : महेसाणा, पाटण, भिलडी, धनेरा, रानीवाडा, मारवाड भीनमाल, मोदरण, जालोर, मोकलसर, सामदडी, बालोतरा तथा बायतू स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में.

संयोजन : प्रथम एसी, एसी 2-टीयर, एसी 3-टीयर, शयनयान श्रेणी तथा सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस

संयोजन तथा ठहरावों, समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

गाड़ी क्र. 09654, 04818 तथा 04820 के लिये बुकिंग सभी पीआरएस काउंटर्स पर तथा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर 21 अप्रैल 2024 से शुरू होगी. उपरोक्त गाड़ियों को विशेष किराये पर विशेष गाड़ी के तौर पर संचालित किया जायेगा.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो